डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा



वर्ष-12 अंक-06 | प्रयागराज, रविवार 05 फरवरी 2023 से शनिवार 11 फरवरी 2023 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः बेघर हुई सुम्बुल तौकीर का छलका दर्द पेज.नं0-08

## ब्रीफ न्यूज

### चीफ जनरल मनोज पांडे ने कंबोडिया के सैन्य कमांडर से की मुलाकात

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भारत और कम्बोडिया के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को नई दिल्ली में रॉयल कंबोडियाई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हुन मनेट से मुलाकात की। रॉयल कम्बोडिया सशस्त्र बलों के उप कमांडर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल हुन मनेट दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। जनरल मनोज पांडे ने रॉयल कम्बोडिया सशस्त्र बलों के उप



कमांडर-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल हुन मनेट का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की।बातचीत के दौरान, दोनों सेनाओं के बीच स्टाफ वार्ता के लिए 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' पर हस्ताक्षर किए गए और शाही कम्बोडियन सेना के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण पर फोल्डरों का आदान-प्रदान किया गया। रॉयल कम्बोडियन सशस्त्र बलों और कमांडर, रॉयल कंबोडियन सेना के उप कमांडर-इन-चीफ टी. जनरल हुन मनेट ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक पर गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। लेफ्टिनेंट जनरल हुन मनेट, शाही कम्बोडिया सशस्त्र बलों के उप कमांडर-इन-चीफ ने रक्षा स्टाफ के प्रमुख जनरल अनिल चौहान से भी आज मुलाकात की। दोनों के बीच प्रमुख क्षेत्रीय विकास, आपसी हित के मुद्दों और रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए विभिन्न अवसरों पर चर्चा हुई। लेफ्टिनेंट जनरल हुन मनेट, डिप्टी कमांडर-इन-चीफ, रॉयल कंबोडियन सशस्त्र बलों और कमांडर, रॉयल कंबोडियन सेना, राजपूताना राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, दिल्ली का भी दौरा किया। उन्हें प्रशिक्षण गतिविधियों और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गई और उन्होंने स्वदेशी रक्षा उपकरणों का प्रदर्शन भी देखा।

## भारत में तेजी से बढ़े वोटर्स, 1951 के आम चुनाव के मुकाबले अब हैं 6 गुना से अधिक मतदाता

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** भारत में 1951 के बाद से मतदाताओं की कुल संख्या में लगभग छह गुना की वृद्धि हुई है। छह गुना वृध्दि के साथ मतदाताओं की संख्या इस साल 94.50 करोड़



से अधिक हो गई है। लेकिन यह भी तथ्य है कि उनमें से लगभग एक-तिहाई लोगों ने पिछले लोकसभा चुनावों में वोट नहीं डाला था। 1951 में, जब पहले आम चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार की गई थी तो उस समय भारत में 17.32 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे। पहले आम चुनाव में केवल 45.67 प्रतिशत लोग ही नवगठित गणराज्य में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आए थे। पिछले कुछ वर्षों में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि देखी गई है साथ ही चुनावों में उनकी भागीदारी भी बढ़ी है । 1957 के आम चुनावों में, पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 19.37 करोड़ थी। 47.74 प्रतिशत लोगों ने अपने प्रतिनिधियों को लोकसभा भेजने के लिए मतदान किया था। मतदान प्रतिशत को 75 प्रतिशत तक ले जाने के लिए चुनाव आयोग ने उन 30 करोड़ मतदाताओं के मुद्दा उठाया था, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनावों में एक तिहाई मतदाता शामिल नहीं हुए थे। इन 30 करोड़ लापता मतदाताओं की श्रेणी में शहरी क्षेत्र के लोग, युवा और प्रवासी शामिल थे। चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश और गुजरात में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में शहरी उदासीनता की ओर इशारा किया है। चुनाव आयोग ने उन प्रवासियों की ओर इशारा किया है जिनका नाम उनके गृह राज्य में चुनावी सूची में तो होता है लेकिन वे विभिन्न कारणों से वोट डालने के लिए नहीं जा पाते हैं। इसलिए चुनाव आयोग ने रिमोट वोटिंग तकनीक का प्रस्ताव दिया है। लेकिन इसके लिए राजनीतिक सहमति की जरूरत है, इसके बाद रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लागू करने के लिए विधायी ढांचे में बदलाव किया जाएगा। चुनाव आयोग इस साल कई विधानसभा चुनाव और अगले साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। पोल पैनल का लक्ष्य नई रणनीतियों के माध्यम से मतदाता प्रतिशत में बढ़ोत्तरी करना है। 1962 के आम चुनावों में पहली बार चुनाव प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी 50 प्रतिशत से अधिक हो गई। जब 21.64 करोड़ मतदाताओं में से 55.42 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

## वैश्विक ऊर्जा कंपनियों के दिग्गजों से मिलेंगे पीएम मोदी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** भारत एक तरफ तो ग्रीन हाइड्रोजन, सोलर, विंड जैसे गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के क्षेत्र में विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन साथ ही कच्चे तेल व गैस के खोज व खनन में भी विदेशी कंपनियों को लुभाने की अपनी कोशिश नहीं छोड़ रहा है। इस क्रम में सोमवार को पीएम नरेन्द्र मोदी की दुनिया की दिग्गज ऊर्जा कंपनियों (इसमें मुख्य तौर पर तेल व गैस सेक्टर की कंपनियां) के प्रमुखों के साथ एक अहम बैठक करेंगे। बैठक में पीएम एक बार फिर इन कंपनियों के समक्ष भारत के तेल व गैस सेक्टर में निवेश फैसला करने का आग्रह करेंगे।वजह यह है कि भारत में अभी भी अगले



दो दशकों तक तेल व गैस की मांग में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। पीएम मोदी इन कंपनियों के अधिकारियों से बंगलुरू में इंडिया इनर्जी वीक (आइईडब्लू) के दौरान मुलाकात करेंगे।पीएम मोदी की इस मुलाकात को पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से तेल व गैस खोज के लिए कंपनियों को दी जाने वाली जमीन दोगुनी करने की योजना से जोड़ कर भी देखा जा रहा है मंत्रालय की योजना है कि वर्ष 2025 तक देश में पांच लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में तेल व गैस की खोज की जाए और वर्ष 2030 तक इसे बढ़ा कर दस लाख वर्ग किलोमीटर किया जाए।भारत की लगातार बढ़ रही ऊर्जा मांग को देखते हुए यह जरूरी है। अभी यह दो लाख वर्ग किलोमीटर में खोज हो रही है। बता दें कि दुनिया में औसतन सिर्फ एक फीसद की दर से ऊर्जा की खपत बढ़ रही है जबकि भारत में यह दर तीन फीसद की है। वैसे ऊर्जा कंपनियों के प्रमुखों के साथ छह बैठकें पीएम मोदी पहले भी कर चुके हैं। वर्ष 2021 में भी नई दिल्ली में उन्होंने वैश्विक तेल व गैस कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात की थी।इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा अरामको, रोसनेफ्त जैसी दिग्गज कंपनियों ने हिस्सा लिया था। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप □सह पुरी का कहना है कि स्वच्छ ईंधन पर भारत जितना फोकस कर रहा है उतना फोकस दुनिया का कोई देश नहीं कर रहा लेकिन हमें अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भी सतर्क रहना है। ग्रीन हाइड्रोजन पर भारत की नजर अभी जब तक ग्रीन हाइड्रोजन, सोलर या दूसरे गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों के उत्पादन व उपयोग में हम काफी कोशिश कर रहे हैं लेकिन पहले से चल रहे ईंधन को लेकर भी प्रैक्टिकल एप्रोच रखना होगा। उनका कहना है कि भारत अभी 50 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन रोजाना कर रहा है, जो कुछ वर्षों में 75 लाख बैरल का हो जाएगा। कुछ एजेंसियों ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2040 तक दुनिया में जितना अतिरिक्त तेल व गैस की मांग बढ़ेगी उसमें से एक चौथाई मांग भारत से आएगी। वैश्विक तेल कंपनियों को लुभाने की कोशिश भारत यह तब करेगा जब आयातित तेल व गैस पर भारत की निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2020 तक आयातित तेल पर निर्भरता में 10 फीसद कमी की बात कही गई थी जबकि हकीकत यह है कि आज अपनी जरूरत का 86 कच्चा तेल भारत आयात कर रहा है।

## परवेज मुशर्रफकी तारीफ कर फंसे शशि थरूर, लोगों ने सोशल मीडिया पर जमकर किया ट्रोल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** अक्सर विवादों में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने एक बार फिर विवादित ट्वीट किया है। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने निधन पर शशि थरूर ने संवेदना व्यक्त करते हुए उसे शांति की ताकत बताया। इसी ट्वीट के कारण अब सोशल मीडिया पर सज्जन व्यक्ति कहा और उन्हें अपना समर्थन देने का वचन दिया। शायद यही वजह है कि शशि थरूर कारगिल के वास्तुकार और आतंकवाद के समर्थक की प्रशंसा कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपकी दीप्तिमान श्रद्धांजलि को देखते हुए, यह न केवल पाकिस्तान के लिए बल्कि भारतीय राष्ट्रीय



उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है दरअसल, कुछ यूजर्स को उनका ट्वीट पसंद नहीं आया है। लोगों ने शशि थरूर को याद दिलाया कि परवेज मुशर्रफ के कारण ही कारगिल युद्ध हुआ था। लोगों का मानना है कि संवेदना व्यक्त करने की आड़ में शशि थरूर ने परवेज मुशर्रफ की कुछ ज्यादा ही तारीफ कर दी जो सही नहीं है। शशि थरूर ने ट्वीट कर कहा, परवेज मुशर्रफ, पूर्व पाकिस्तानी राष्ट्रपति का दुर्लभ बीमारी के कारण निधन हो गया। एक समय पर भारत के एक कट्टर दुश्मन, वह 2002-2007 में शांति के लिए एक वास्तविक ताकत बन गए।ठभाजपा प्रवक्ता शहजाद ने ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा परवेज मुशर्रफ जिन्होंने ओसामा बिन लादेन और तालिबान की प्रशंसा की थी, उन्होंने राहुल गांधी की भी प्रशंसा की थी। उन्हें एक कांग्रेस के लिए भी एक नुकसान की तरह लगता है।ठ वहीं, एक दूसरे यूजर ने शशि थरूर को टारगेट करते हुए लिखा, ठपूर्व कांग्रेस अध्यक्ष परवेज मुशर्रफ के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ 2008 तक संभाला राष्ट्रपति प 79 वर्षीय परवेज मुशर्रफ एमिलॉयडोसिस से पीड़ित थे, जो पूरे शरीर के अंगों और ऊतकों में एमाइलॉयड नामक असामान्य प्रोटीन के निर्माण के कारण होने वाली एक दुर्लभ बीमारी थी। मुशर्रफ का जन्म 11 अगस्त, 1943 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने 1999 में देश में मार्शल लॉ लगाने के बाद मुख्य कार्यकारी का पद संभाला और 2001 से 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।राष्ट्रपति पद से हटने के बाद दिसंबर 2013 में इनपर देशद्रोह के आरोप लगाया गया था।

## पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जयपुर महाखेल में हुए शामिल, बोले- देश की रक्षा में राजस्थान के युवा आगे

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'जयपुर महाखेल' के प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया है कि इस कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान की राजधानी में जयपुर से लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा किया गया है महाखेल की शुरुआत 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन की गई थी। इस साल यह महाखेल कबड्डी



प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें 450 से अधिक ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और वार्डों के 6,400 से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों की भागीदारी देखी गई है। 'युद्ध के मैदान को खेल के मैदान में बदल देते हैं' पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा, ठइतिहास गवाह है कि इस वीर भूमि के बच्चे अपने शौर्य से युद्ध के मैदान को खेल के मैदान में बदल देते हैं। इसलिए अतीत से लेकर आज तक जब भी देश की सुरक्षा का सवाल उठता है तो राजस्थान के युवा किसी से पीछे नहीं रहते हैं। आज चित्रकुट स्टेडियम में इस समारोह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, आज इस महाखेल को देखकर मैं कह सकता हूं कि आपका कार्यकाल खेल और एथलीटों का स्वर्णिम युग लेकर आया। मेरे जमाने के खिलाड़ी पिछली सरकारों में खेलों की दुर्दशा के गवाह हैं। अब हम खिलाड़ियों को दी जाने वाली सुविधाओं और सम्मान को देखते हैं। कोटपूतली, बानसूर, जमवारामगढ, झोटवाड़ा, विराट नगर, आमेर, शाहपुरा और फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के 32 खेल मैदानों पर 512 पुरुषों और 128 महिलाओं की टीम इस खेल प्रत्योगिता में शामिल हुई हैं। जयपुर महाखेल के तहत कुल 22 लाख रुपए के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में विजेता रहने वाली महिला या पुरूष टीमों को 21000 रुपये, रनर-अप टीमों को 11000 रुपये, लोकसभा स्तर पर महिला और पुरूष विजेता टीमों को 51000 रुपये, रनर-अप टीम को 31000 रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही राजस्थान कबड्डी फेडरेशन भी जयपुर महाखेल के 20 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्पेशल ट्रेनिंग देगी।

## भाजपा का भरोसा, 2024 लोकसभा चुनाव की नैय पार लगाएगा बजट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** वार्षिक केंद्रीय बजट में, अधिकतर लोगों का ध्यान टैक्स स्लैब की ओर रहता है। बुधवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद



में बजट पेश किया और इस बजट के चुनावी समीकरणों के साथ-साथ टैक्स स्लैब में बदलाव की बात कही इस बजट के राजनीतिक पहलू की व्याख्या करते हुए विश्लेषकों का कहना है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह बजट इस साल होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में मदद करेगा, लेकिन चुनौती यह है कि भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि कैसे इस बजट को जनता तक ले जाएंगे और वह इसका कितना फायदा उठा सकेंगे बजट की समझ के लिए बनाई गई बजट की समझ को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए बीजेपी ने देशव्यापी अभियान की योजना बनाई है। सभी नेताओं से कहा गया है कि वे अपने जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करे और उसके जरिए आम लोगों को इस बजट के बारे में समझाए। बीजेपी ने श्रमिक वर्ग का विश्वास जीता क्योंकि यह पार्टी उन लोगों के अनुकूल काम करती है। आम आदमी और देश के गरीब लोगों के लिए इस बजट में बहुत कुछ है। सबसे ज्यादा राहत टैक्स के रूप में मिलने वाली है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि यह विकसित भारत के संकल्प को आधार प्रदान करता है।

## आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में भीषण सड़क हादसा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में भारी समानों को ले जाने वाली लॉरी से दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। दरअसल जिले के अमदलावाला मंडल के मंडाडी में एक लॉरी मजदूरों के ऊपर चढ़ गई जिसमें लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं तो वहीं हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। घायलों को अच्छे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस वहां राहत कार्य में जुटी हुई है ब्रेक फेल होन से हुआ हादसा अमदालावाला मंडले के सब-इंस्पेक्टर कृष्णा ने कहा कि एक अन्य कर्मचारी की हालत गंभीर है। तो वहीं चालक ने सड़क दुर्घटना होने का भी कारण स्पष्ट किया है। चालक ने बताया कि लॉरी का ब्रेक फेल होने की वजह से अचानक संतुलन बिगड़ गया था। तब ही यह हादसा हुआ है। हालांकि हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान नहीं हो सकी है।सब-इंस्पेक्टर ने यह भी बताया है कि लॉरी के चालक ने थाने में खुद ही आकर आत्मसमर्पण कर दिया था। जबकि पुलिस दुर्घटना के कारणों की अभी गहनता से जांच कर रही है। यह दुर्घटना शनिवार शाम को श्रीकाकुलम जिले के अमदलावलासा में हुई थी।



## हैदराबाद में आतंकी हमले की साजिश का खुलासा, एनआईए की गिरफ्त में तीन आरोपी आईएसआई से मिलते थे निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तीन आंतकवादियों पर हैदराबाद में आतंकवादी वारदात की प्लानिंग करने का संगीन आरोप लगाया है। एजेंसी के मुताबिक तीन आरोपियों की पिछले साल अक्टूबर में हैदराबाद में आतंकवादी हमलों की साजिश के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आतंक फैलाने की मंशा थी। यूएपीए के तहत की एनआईए ने कार्रवाई मोहम्मद अब्दुल ज़ाहिद, माज़ हसन फारूक और समीउद्दीन नाम के आरोपियों ने लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी घ्घ् से जुड़े पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के निर्देश पर भारत को दहलाने का षड्यंत्र रचा था। एनआईए ने इन तीन आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की है।हैदराबाद में हमले की साजिश का मास्टरमाइंड था अब्दुल जाहिद एनआईए ने अपनी ईंध में कहा है कि इस योजना के मास्टरमाइंड अब्दुल जाहिद पर हैदराबाद में आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में शामिल होने का आरोप है। एनआईए को इन आरोपियों से हैंड ग्रेनेड भी बरामद हुए हैं। बता दें कि एनाईए ने तीन और अन्यों के खिलाफ इस साल 25 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की थी। अब्दुल को पाक की खुफिया एजेंसी से मिले थे निर्देश अब्दुल जाहिद पर यह संगीन आरोप भी है कि उसने लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी घ्घ् से जुड़े पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के निर्देश पर मोहम्मद समीउद्दीन, माज हसन फारूक और कई युवाओं को भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए अपने गुट में शामिल किया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक जाहिद को पाकिस्तानी संचालकों से निर्देश मिला था।निर्देशों के अनुसार, ज़ाहिद ने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ हैदराबाद शहर में विस्फोट करने के अलावा लोन वुल्फ हमलों सहित कई आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची, ताकि आम जनता के मन में आतंक पैदा किया जा सके। एनआई ने बताया कि जांच में यह भी पता चला है कि ज़ाहिद को पाकिस्तान स्थित आकाओं से हथगोले मिले थे। पाकिस्तानी संचालकों ने अब्दुल को हथगोले इसलिए दिए थे जिससे वह सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सके और हथगोलों को सार्वजनिक सभाओं और जुलूसों में फेंक कर लोगों को मार सके। जनवरी में एमएचए ने आरोपी के खिलाफ एनआईए को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि केंद्र को सूचना मिली थी कि जाहिद नाम के शख्स ने विस्फोट और लोन वुल्फ अटैक सहित आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने का प्लान बनाया था।






# माघ मेला में महिला की हत्या प्रेमी ने बेटी के सामने मारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला के लाल सड़क क्षेत्र में रविवार आधी रात पैसों के विवाद को लेकर एक महिला की उसके प्रेमी ने हत्या कर दी। हत्यारे ने डंडे से एक आंख भी फोड़ दी। विधवा महिला युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी, वह 10 दिन पहले ही यहां आई थी। हत्या का आरोप मनीष यादव पर है जो उसके साथ रहता था। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। दारागंज पुलिस देर रात तक उसकी तलाश में लगी रही। सुनीता वर्मा (45) मूल रूप से रीवा की रहने वाली थी। सुनीता के पति की दो साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। उनके चार बच्चे हैं। 10 दिन पहले सुनीता अपनी 7 साल की बेटी के साथ प्रयागराज आई थी। यहां पर दारागंज कोतवाली क्षेत्र के परेड माघ मेला क्षेत्र में रह रही थी। उसके साथ कौशांबी जिले के करारी कस्बे का रहने वाला मनीष यादव भी रहता था। दोनों मजदूरी करते थे। बताया जा रहा है कि रविवार रात करीब 12.30 बजे मनीष दारू पीकर आया और सुनीता से झगड़ा करने लगा। दोनों के बीच का विवाद बढ़ गया। इसके बाद मनीष सुनीता को डंडे से पीटने लगा। उस समय बेटी दामिनी सो रही थी। मां की चीख सुनकर उसकी नींद खुली तो वह भी डर गई। मनीष सुनीता को मरणासन्न हालत में छोड़ गया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसे एसआरएन अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित किया। पुलिस फरार हत्यारोपी को ढूंढने के लिए जगह जगह दबिश दे रही है।



# शिक्षक एमएलसी चुनाव शुरू, मतदान के लिए लगी कतार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन- 2023 के लिए सोमवार को मतदान शुरू हो गया है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ संख्या-15 मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण करते हुए वोटिंग की स्थिति का जायजा लिया तथा निरंतर भ्रमणशील रहते हुए सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।झांसी-इलाहाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी व ललितपुर शामिल हैं। इसमें सबसे ज्यादा वोटर प्रयागराज में है। 10 जिलों में 141 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जहां पर मतदान सुबह 8 से शाम 4 बजे तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। कुल 34,495 शिक्षक 10 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज करेंगे। 16,803 मतदाता प्रयागराज जनपद में हैं। जबकि, झांसी में 4,639, फतेहपुर में 3,254, जालौन में 2,433, कौशांबी में 1,543, बांदा में 1,899, हमीरपुर में 1,292, ललितपुर में 1,005, चित्रकूट में 877 और महोबा में 750 मतदाता हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत निकाली गई रैली , रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग की तरफ से चलाई गई प्रोग्राम शासन के सौजन्य से नगर पंचायत अझुवा मे आज स्वच्छ भारत मिशन के तहत निकाली गई रैली , रैली को हरी झंडी दिखाकर अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह व धीरज कुमार श्रीवास्तव रवाना किए , रैली हर गली मोहल्ले होते हुए निकाला गया। रैली का उद्देश्य है कि हर घर सफाई कर्मी जाकर कूड़ा एकत्रित करेंगे यह प्रोग्राम 1 फरवरी से 31 मार्च तक चलेगा सफाई कर्मी रोजाना सुबह 10:00 बजे तक घर घर जाकर कूड़ा उठाएंगे यह प्रोग्राम शासन के अनुसार 3 चरणों में चलेगा कूड़ा घर के बाहर फेंकने वालों के लिए हिदायत भी दी कूड़ा बाहर न फेके कूड़ा सफाई कर्मी को ही दे ,ऐसा नहीं करते हैं तो पहली बार सफाई कर्मी समझाएगा दूसरी बार थोड़ा सख्ती से हिदायत दी जाएगी नहीं मानने वालों को तीसरी बार उससे जुर्माना भी वसूला जाएगा। रैली का मुख्य उद्देश्य नगर वासीयो को इस मिशन के बारे मे जानकारी व जागरूक करना ही मुख्य उद्देश्य है। रैली मे मौजूद रहे साकेत चंद्र श्रीवास्तव कार्यालय लिपिक ,राजाराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।




# थाना अतरसुइया पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 04 प्रतिबन्धित कछुए बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना अतरसुइया पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 30.01.2023 को अभियुक्त फरहान पुत्र मसूक नि0 28 अकबरपुर पूरा मनोहरदास जी0टी0बी0 नगर थाना करैली जनपद प्रयागराज को मेगा एक्वेरियम एस0एस0 खन्ना चौराहा मीरापुर थाना क्षेत्र अतरसुइया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 04 प्रतिबन्धित कछुए बरामद किए गये। उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना अतरसुइया में मु0अ0सं0 09/2023 धारा 9/49/51 वन्य जीव संरक्षण अधि0 1972 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता** फरहान पुत्र मसूक नि0 28 अकबरपुर पूरा मनोहरदास जी0टी0बी0 नगर थाना करैली जनपद प्रयागराज, उम्र 20 वर्ष पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 09/2023 धारा 9/49/51 वन्य जीव संरक्षण अधि0 1972, थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज बरामदगी 04 प्रतिबन्धित कछुए **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** 1. उ0नि0 नीरज सिंह कुशवाहा थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. उ0नि0 सचिन देव वर्मा थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. इन्द्रपाल, वन दरोगा शेक्शन अधिकारी जार्जटाउन प्रयाग रेंज प्रयागराज । 4. अशोक कुमार साहू, क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रयाग मिण्टो पार्क कीडगंज प्रयागराज ।




# इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का चुनाव शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का चुनाव सोमवार को कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच शुरू हो गया है। चुनाव की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी हो रही है। मतदाता अधिवक्ता गेट नंबर पांच के अंदर बने पोलिंग बूथों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। मतदान स्थल के पास काफी भीड़ देखने को मिल रही है। हालांकि हाईकोर्ट के आस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।सभी अधिवक्ता बार एसोसिएशन के परिचय पत्र की फोटो कॉपी और प्रॉपर ड्रेस में मतदान कर रहे हैं। वोटिंग सुबह 9 बजे से शुरू हो गई है और शाम 5 बजे तक चलेगी। पूरी मतदान प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पूरी कराई जाएगी। मतदान स्थल पर वही मतदाता जा सकेंगे जो वोटर हैं।मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल भूषण ने बताया कि मतदान और मतगणना पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी। किसी को भी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।हाईकोर्ट परिसर में टेंट लगाने सहित मतदाताओं के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं।



# मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय पहाड़ का पूरा मे आयोजित हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** दिनांक 30.01.2023 को एन. पी. आर. सी. टिकरी कला की मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय पहाड़ का पूरा मे आयोजित हुई। बैठकबक संचालन प्र. अ. राम विजय विश्वकर्मा द्वारा किया गया।बैठक मे निपुण लक्ष्य, निपुण् तालिका,वार्षिक कार्य योजना, छात्र उपस्थिति, शिक्षक डायरी, शिक्षण योजना प्रस्तुतिकरण आदि मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक मे ए आर पी जितेन्द्र मिश्र, चंद्र प्रकाश सिंह संजय चौरसिया ,अंजू चौरसिया , मनीता जायसवाल ,सरिता गुप्ता, ललिता गौतम, प्रमोद पाठक ,रावेंद्र सिंह अवधेश कुमार यादव, कनीज फातमा , रिचा पाल, रविंद्र सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, शिव नरेश पाल ,दूधनाथ यादव, कृष्ण दत्त तिवारी ,संजू लता आदि शिक्षको ने प्रतिभाग किया। बैठक के संचालन के लिए राम विजय विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ पी एस पहाड़ कवपूर को हार्दिक आभार।




# किराने की दुकान मे लगी भीसड़ आग से सारा सामान जल कर हुआ खाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 8 एमएच 2 हाईवे के बगल मे मौजूद विवेक कुमार की कीराने की दुकान मे सार्ट सर्किट से रात्री लगभग 2 बजकर 20 मिनट पर लगी भीसड आग आग बुझाने के लिए पहुची फायर बिग्रेड की तीन गाडी , सिराथू और मंझनपुर से आई फायर बिग्रेड की गाडी लगी भीसड आग को बुझाने मे पड़ोसी और फायर बिग्रेड की मदद से आग पर पाया गया काबू , बुझाया गया आग जब तक आग पर पाया गया काबू तब तक दुकान व घर का समान जल कर हुआ खाक । भीसड आग लगने से विवेक कुमार का हुआ कई लाखो का हुआ नुकसान घर पर मौजूद लोगो ने पडोसी अन्सू पाडे के छत से उतर कर बचाई अपनी जान , विवेक कुमार ने बताया की दुकान से लेकर घर तक का सारा समान जल कर खत्म हो गया है घर मे रखे उएऊ के कागजात भी जल गए है मेरा लगभग नुकसान 35 से 40 लाख रुपए तक का नुकसान हो गया है।



# घर से लापता छात्र का शव पांच दिन बाद तालाब में मिला




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मऊआइमा में घर से लापता हुए कक्षा 10 के छात्र का शव पांच दिन बाद तालाब में उतराया मिला। दो दिन पहले उसकी चप्पल तालाब के किनारे मिली थी। गोताखोरों द्वारा काफी तलाश के बाद भी शव नहीं मिल सका था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मऊआइमा के गदाईपुर निवासी मोहम्मद हारून का बेटा मोहम्मद अफसर उर्फ जैद (15) कक्षा 10 का छात्र था। 25 जनवरी की दोपहर वह घर से निकला और वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन उसकी चप्पल गांव के बाहर तालाब के किनारे मिली। सूचना पर पुलिस ने गोताखोरों एवं फायर ब्रिगेड की टीम बुलाई। काफी खोजबीन के बावजूद शव नहीं मिला। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश कर रही थी। सोमवार की सुबह कुछ लोगों ने तालाब में उतराया हुआ शव देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। उसकी पहचान लापता जैद के रूप में हुई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने तहरीर और जांच के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही।

# जिलाधिकारी द्वारा आर्यन पाण्डेय को किया गया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)** कौशाम्बी। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2022 में जिले में तीसरा स्थान हासिल करने वाले छात्र को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित आर्यन पाण्डेय धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के छात्र हैं जिन्होंने बोर्ड परीक्षा 2022 में दसवीं में जिले में तीसरा स्थान अर्जित किया था जिसके लिए जिलाधिकारी कौशाम्बी द्वारा आज उदयन सभागार में आयोजित मेधावी छात्र/छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिलाधिकारी कौशाम्बी द्वारा 21000 का चेक टैबलेट और प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किए गया है। आर्यन पाण्डेय कुंडा प्रताप गढ़ के रहने वाले हैं जो अजुहा में रहकर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं और पिता जी इसी विद्यालय में शिक्षक हैं।




# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला की अध्यक्षता में डी-ब्रीफिंग, बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल संपन्न होने पर सभी को आभार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आज दिनांक 27.01.2023 को बसंत पंचमी के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र की अध्यक्षता में डी-ब्रीफिंग गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान मेला क्षेत्र में ड्यूटी के सम्बन्ध में समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/अन्य शाखा प्रभारियों से अनुभव साझा किये गये एवं 'प्रतिपुष्टि' का आकलन करते हुए आगामी स्नान पर्व पर उक्त तैयारियों को और अच्छे से सम्पादित किया जा सके। इसके सम्बंध में वार्ता की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा कल्पवासियों के संम्बन्ध में भी वार्ता करते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। कि कल्प वासियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो सभी थाना प्रभारी विशेष ध्यान देगे। बसंत पंचमी स्नान पर्व के सकुशल सम्पन्न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर माघ मेला पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार शुक्ल तथा समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी/अन्य इकाई प्रभारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# माघमेला के पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी भव्य नजारा दिखाई पड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघमेला के पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर गंगा,यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में शीत लहर व हल्की बरसात के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। माघ मेला के चतुर्थ स्नान पर्व बंसत पंचमी पर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों का संगम की रेती पर जमावड़ा एक दिन पूर्व से ही प्रारम्भ हो गया, शुभ मुहूर्त के साथ ही संगम स्नान का सिलसिला प्रारम्भ हुआ जो सुबह हल्की बरसात के बीच दिनभर अनवरत जारी रहा। संगम स्नान के उपरान्त श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन भी किया तथा अक्षय फल की कामना हेतु अन्न, वस्त्र, फल का दान भी किया। श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों में बरसात के मध्य संगम स्नान को लेकर काफी उत्साह देखा गया और प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां श्रद्धालुओं के बीच आकषर्ण का केन्द्र रही। इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस कर्मी, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एटीएस के कमाण्डों व्यवस्थापित किये गये। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ मोटर बोट व गोताखोरो की नियुक्ति कर स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया गया, तथा एसडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा घाटों/जल पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी गयी। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे/ड्रोन व बॉडी वार्न कैमरा के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करके अपने गंतव्य को वापस जाएं किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाये, मेले की सुरक्षा व स्वच्छता में हमारा सहयोग करे, मेले में आने वाले स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में ही 05 स्थानों पर 'पार्किग' की समुचित व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र घ्इए, पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल लगातार मेला क्षेत्र में ही रहकर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित कराते रहे। इसी दौरान एक वृद्ध महिला जो गंगा स्नान के लिये अपने परिवार संग आई हुई थी पुल न.2 और पुल न.3 के बीच बने घाट पर स्नान के दौरान अचानक डूबने लगी जहा ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी कामेश्वर राम,शैलेन्द सिंह,सूर्यभान के द्वारा तत्काल डूबती हुई महिला को बचाया गया प्रथामिक उपचार के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया परिजनों द्वारा डूबती हुई महिला का नाम जरोवती पत्नी सीताराम ग्राम जाफरापुर जिला प्रतापगढ़ का निवासी बताया गया। मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सेवा का भाव भी पुलिस कर्मियों के व्यवहार से दिखाई दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा निरीक्षण के दौरान समस्त पुलिस कर्मियों की कुशलता ली गयी तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से लगातार मेला क्षेत्र पर सतर्क दृष्टि रखी गयी। बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल व सुरक्षित सम्पन्न कराने हेतु मेला पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहें, तथा वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा मेला क्षेत्र में आये हुये स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं से लगातार उनका कुशलक्षेम पुछा गया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में लगी प्रदर्शनी का भी लुत्फ उठाया। मेला क्षेत्र में नव निर्मित 07 खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भूले भटकों को उनके परिजनों से मिलाया जा रहा है। स्नानार्थियों में धर्म आस्था के प्रति काफी उत्साह देखने को पाया गया तथा मेले की व्यवस्था देखकर देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की। पुलिस बल के अथक प्रयासों के फल स्वरूप बसंत पंचमी का यह स्नान पर्व भी शान्ति और सुगमता के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ, जिसकी उच्चाधिकारीगणों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



# अचला सप्तमी पर मेला क्षेत्र में उमड़ा हुजूम,मेला पुलिस सजग और सतर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयाग के संगम नगरी मे आयोजित होने वाले माघ मेला मे श्रद्धालुओं/सैलानियों का संगम मे स्नान/भ्रमण का सिलसिला निरन्तर जारी है,आज दिनांक 28.01.2023 को अचला सप्तमी होने पर मेला क्षेत्र में गंगा स्नान के लिए और शनिवार के दिन लेटे हुये हनुमान जी को निशान चढाने व दर्शन के लिये काफी संख्या मे श्रद्धालुओ का हुजूम उमड़ पड़ा। मेला क्षेत्र मे विभिन्न जनपदों की प्रदर्शनियाँ, झूला तथा विभिन्न धार्मिक संगठनो द्वारा निकलने वाली शोभायात्रायें श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनी हुयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र घ्इए के दिशा निर्देशन मे मेला क्षेत्र में समुचित पुलिस प्रबन्ध किए गए है एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है।मेला क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ होने से पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार अनुरोध किया जा रहा कि श्रद्धालु/स्नानार्थी अपनी गाड़ी को पार्किंग स्थल में ही खड़ा करें जिससे मेला क्षेत्र में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो,मेला क्षेत्र में 5 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला स्वयं मेला क्षेत्र में एटीएस के साथ भ्रमण सील होकर पार्किंग स्थलों,महत्वपूर्ण चौराहों,संगम नोज पर लगातार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा रहे थे एवं श्रद्धालु /स्नानार्थियो का कुशलछेम भी लेते रहे।



# मुख्य सचिव ने काशी विश्वनाथ व काल भैरव का किया दर्शन-पूजन लिया आशीष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** उत्तर-प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा दो दिवसीय दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे।उन्होंने गए, जहां उन्होंने मां गंगा को प्रणाम किया।मुख्य सचिव ने अधिकारियों संग एक बैठक की जिसमें उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा अपना प्रसाद तैयार कराया जाए। उस प्रसाद का स्वाद उस प्रसाद की गुणवत्ता और उस प्रसाद को बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री भी



श्री काशी विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन करने के पश्चात गंगा उस पार बसाये गये टेंट सिटी का निरीक्षण किया।मुख्य सचिव ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से दर्शन पूजन किया तथा मंदिर प्रांगण में मंदिर प्रशासन की व्यवस्था का निरीक्षण किया। विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद उन्होंने वहां 52 शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ विषालाक्षी मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। पूजन के पश्चात मुख्य सचिव ने भवनों का निरीक्षण करते हुए गंगा घाट तक की। बैठक में कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने मंदिर की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकतर भवन भवनों का टेंडर हो चुका है जल्द ही धाम के सभी भवनों का उपयोग शुरू हो जाएगा। इस दौरान मुख्य कार्य पालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने आगामी महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव को जानकारी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर विश्वनाथ धाम का भी एक प्रसाद परंपराओं से जुड़ी हो। इस पर कमिश्नर ने जल्द ही इस कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने मणिकर्णिका घाट सुधार प्रोजेक्ट की जानकारी ली।कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने मणिकर्णिका व हरिश्चन्द्र घाट पर बनने वाले प्रोजेक्ट की जानकारी दी।मुख्य सचिव ने रत्नेश्वर महादेव मंदिर के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। उन्होंने घाट पर बटुकों, दर्शनार्थियों से कुशलक्षेम जाना

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के वाराणसी आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हरहुआ /वाराणसी।** स्थित गनेशपुर बीएचएल के पास सड़क पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्मृति चिन्ह देकर भेंट किए। जिसमें उपस्थित , विरेन्द्र यादव लोहिया वाहिनी जिला उपाध्यक्ष, आलोक यादव छात्र महासभा, गप्पू यादव, दिनेश




शिवपाल सिंह यादव के वाराणसी आगमन पर समाजवादी पार्टी के जिला सचिव व सभासद प्रत्याशी संजय उर्फ संदीप यादव के द्वारा सैकड़ों कार्यकर्ताओं संग शिवपाल सिंह यादव को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व यादव, विजय बहादुर यादव, अखिलेश यादव छात्र महासभा, बाबूलाल पटेल, ईश्वर चंद्र पटेल, रामबली पटेल भैया लाल यादव, विरेन्द्र , अजय यादव इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे के सेवा निवृत्ति अधिकारियो को महाप्रबन्धक ने गोल्ड मेडल से नवाजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक।चन्द्र वीर रमण ने उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों की तरफ से सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिन्ह से है।इस अवसर पर कार्मिक एवं लेखा विभाग के अधिकारी,



मंगलवार को सभाकक्ष में आयोजित एक समारोह में 31 जनवरी,2023 को सेवा निवृत्त होने वाले मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण राजीव कुमार,उप मुख्य इंजीनियर प्लानिंग एण्ड डिजाइन, निर्माण संगठन सुरेष कुमार एवं अधिशासी अभियन्ता प्रमुख मुख्य इंजीनियर कार्यालय जगदेव प्रसाद को गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महाप्रबन्धक ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।समारोह में प्रमुख सभी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी नवाजा गया। इस दौरान कार्मिक विभाग में आयोजित एक अन्य समारोह में 31जनवरी मंगल को सेवानिवृत्त होने वाले 27 अराजपत्रित रेलकर्मियों को कार्मिक विभाग के सभा कक्ष में मुख्य कार्मिक अधिकारी आईआर. अवधेष कुमार ने गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य कार्मिक अधिकारी आई.आर. अवधेष कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे सभी रेलकर्मियों ने अपने जीवन का अधिकांष समय रेलवे की सेवा में बिताया है। इस लिए विशेष रूप से रेल प्रशासन सभी का आभारी यूनियन के पदाधिकारी सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे।लेखा विभाग में आयोजित अन्य समारोह में 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त होने वाले 2 लेखाकर्मियों को प्रधान वित्त सलाहकार श्रीमती प्रीति झा ने समापक राशि का प्रपत्र, सेवा प्रमाण-पत्र एवं गोल्ड प्लेटेड मेडल प्रदान किया।पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी व मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से इस आशय की जानकारी दी।

# सारनाथ में ऐतिहासिक धरोहर देख अभिभूत हुए सात देशों के 27 सैलानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** भारत की प्राचीन संस्कृति, धरोहरों, यहां के रहन-सहन और खान-पान से विदेशी सैलानी रूबरू हुए। सात देशों के 27 विदेशियों का दल सारनाथ स्थित पुरातात्विक खंडहर परिसर में धरोहरों का अवलोकन कर अभिभूत हो उठा। इन देशों से आए पर्यटक पुरातात्विक खंडहर परिसर में सुबह करीब 11 बजे पहुंचे दल ने धर्मराजिका स्तूप, अशोक स्तंभ, प्राचीन मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के अवशेष देखने के बाद धमेख स्तूप पर बनी कलाकृतियों व उसके इतिहास को जाना। इस दौरान हैंडीक्राफ्ट के कुछ सामान भी खरीदे। प्रोटोकॉल अधिकारी असलम खान ने बताया कि इस दल में अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, जापान, हंगरी, इंडोनेशिया, लिथुआनिया के कुल 27 सैलानी हैं।ये लोग 10 दिनों तक भारत के ऐतिहासिक स्थलों व संस्कृति शहरों का भ्रमण कर रहे हैं। इसके पहले अब तक छह दल भ्रमण कर चुके हैं। ये लोग दिल्ली -आगरा घूमने के बाद काशी में घाट, काशी विश्वनाथ मंदिर गंगा की आरती देखने के बाद लखनऊ में ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। काशी प्राचीन सांस्कृतिक नगरी है। जितना सुना था यह स्थान उससे कहीं अधिक सुंदर है। भगवान बुद्ध की स्थली पर



आकर बहुत शांति का अनुभव हुआ। -सपुत्री एस, इंडोनेशिया। भारत शानदार और शांतिप्रिय देश है। यहां आकर मुझे सुकून का अनुभव हो रहा है। मैं यहां ऐतिहासिक स्थलों पर उसके इतिहास को समझ रही हूं। -बोगोलो जे केन बोत्वना। आठ देशों के सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय का दौरा किया। अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, यूक्रेन, हंगरी, इंडोनेशिया, जापान तथा लिथुआनिया के सदस्यों वाले इस प्रतिनिधिमंडल में छह भारतीय सदस्य भी थे। यह दौरा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के जेनेक्सट डिमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के अंतर्गत तथा कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के आमंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। आठ देशों के सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय का दौरा किया। अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, यूक्रेन, हंगरी, इंडोनेशिया, जापान तथा लिथुआनिया के सदस्यों वाले इस प्रतिनिधिमंडल में छह भारतीय सदस्य भी थे। यह दौरा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के जेनेक्सट डिमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के अंतर्गत तथा कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के आमंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है।

# खरीदारी के बहाने ठगी, भरोसा जीतने के लिए पहले भेजे 100 रुपये फिर गायब कर दिए 96.50 हजार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी ।** जालसाज ने आनलाइन शापिंग एप ओएलएक्स पर एसी और फ्रिज खरीदने के बहाने ताजोपुर, अर्दली बाजार की मालिनी सिंह के बैंक खाते से 96,500 रुपये उड़ा का बताते हुए एसी व फ्रिज खरीदने की बात कही। गूगल पे पर रुपये भेजन के लिए उसने मालिनी से फोन नंबर लिया और दस रुपये और 100 रुपये भेजे। इसके बाद रुपये मिले या नहीं यह जांच करने के



लिए। इस मामले में कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार मालिनी सिंह ने ओएलएक्स पर एसी और फ्रिज बेचने के लिए विज्ञापन डाला था। इसे खरीदने के लिए शुक्रवार को मोबाइल संख्या 8982457469 से फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को मर्चेंट नेवी लिए कहा। मालिनी जब यह देख रही थीं, जालसाज ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से 15,000 रुपये कट गए। मालिनी ने जालसाज से रुपये वापस करने को कहा। उसने रुपये वापस करने को मोबाइल फोन को आन रखने के लिए कहा और कुछ ही देर में खाते से 96,500 रुपये कट गए।

# नम आंखों से परिजनों ने शहीद कृष्ण चंद तिवारी को पुण्य तिथि पर दिया श्रध्दांजलि



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हरहुआ /वाराणसी ।** रामेश्वर तीर्थ धाम निवासी शहीद कृष्णचंद तिवारी के 17वी पुण्य तिथि पर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों व जनप्रतिनिधियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। कृष्णचंद तिवारी 2991911 नायक राजपूत रेजिमेंट में 25 फरवरी 92 को भर्ती हुए थे।15 वर्ष तक देश की सेवा करते हुए गत 27 जनवरी को राजौरी क्षेत्र (जम्मू कश्मीर) के इखनी पोस्ट पर तैनात थे। लश्करे तोइबा और जैश मोहम्मद आतंकियो के साथ सुबह 5 बजे भोर में उनके मंसूबो को नाकाम करते हुए सीने पर 3 गोलियां खाकर शहीद हो गए थे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद के घर लोगो का जमावड़ा शाम को लग गया। प0 विजय शंकर तिवारी ने मंगलाचरण के साथ दीप प्रवलित कराया।पत्नी संध्या तिवारी,इकलौता पुत्र विकास तिवारी पुत्री कुमुद ,रितिका बड़े भाई रामजी तिवारी भाभी श्री मति राजदेवी भतीजे त्रिभुवन व संजय तिवारी ने अश्रुपूरित नेत्रों से शहीद को टीका लगाकर याद किया।क्षेत्र के पूर्व सैनिक रविशंकर पांडेय, डॉ0 आर के सिंह, त्रिवेणी सिंह,राज्य प्रशिक्षक व पत्रकार के0 एल0 पथिक,प्रधान जगापट्टी घनश्याम सिंह यादव,डॉ0मंगला सिंह,रामगोपाल चौरसिया,कन्हैया मौर्य, कृष्ण कुमार सिंह ,मुन्ना सेठ, शिवप्रकाश सेठ, सुनील सिंह ,नागेंद्र यादव,राहुल त्रिपाठी,बीडीसी विशाल कुमार गुप्ता ,त्रिभुवन त्रिपाठी, संजय त्रिपाठी उपस्थित रहे।

सीधे प्रवेश

100% Placement

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

15% Fee Concession

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर

❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर

➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर

➢ फायर सेफ्टी — सीसीए

➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.

➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस

➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर

➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी स्टेशनों पर ही मिट जाएगी सफर की थकान, जानें- क्या है रेलवे का प्लान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** अब स्टेशनों पर ही रेल यात्रा की थकान मिट जाएगी। इसके साथ ट्रेनों के इंतजार में प्रतीक्षालय में ऊब रहे यात्रियों को भी स्टेशन हालांकि, मसाज के लिए यात्रियों को निर्धारित मूल्य चुकाना पड़ेगा। अभी इसकी दर निर्धारित नहीं हुई है, जल्द ही इस पर मुहर लग जाएगी। जानकारों का कहना है कि यात्रियों



पर तरोताजा होने की सुविधा मिल जाएगी। यात्रियों को सहूलियत देने के लिए रेलवे स्टेशनों पर मसाज चेयर लगाई जाएंगी। शुरुआत पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन से होगी। प्रयोग सफल रहा तो अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी यह सुविधा शुरू होगी। लखनऊ मंडल प्रशासन ने गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन पर मसाज चेयर कियोस्क (स्टाल) लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तीन-तीन मसाज चेयर के लिए एजेंसी नामित कर दी गई है। स्टेशन के मुख्य द्वार के आसपास आठ गुणा दस वर्ग मीटर स्थल चिह्नित करने की तैयारी चल रही है। इस पहल से रेलवे की कमाई तो बढ़ेगी ही, यात्रियों को भी अतिरिक्त सुविधा मिल जाएगी। को स्टेशन पर बाजार से कम कीमत पर ही मसाज की सुविधा मुहैया होगी। इसके लिए एजेंसी से चर्चा चल रही है। दरअसल, 12 से 48 घंटे की यात्रा के बाद लोग थक जाते हैं। अगर ट्रेन लेट हो गई तो यात्रा पहाड़ चढ़ने जैसी हो जाती है। थकान के चलते कार्य प्रभावित होते हैं। घर पहुंचकर लोग थकान महसूस करते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा सतत नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नव प्रयोग के अंतर्गत लखनऊ और गोरखपुर जंक्शन पर मसाज चेयर कियोस्क लगाने के लिए करार किया गया है।

## सम्पादकीय

### सैनी भारत ने बौमा कॉनएक्सपो में दर्शकों को अपनी बहुमुखी प्रतिभा से किया प्रभावित

नोएडा ग्रेटर नोएडा में चल रहे बौमा कॉनएक्सपो में सैनी भारत ने अपनी उत्पाद शक्ति और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक्सपो के सबसे बड़े एग्जिबिटर्स में से एक, सैनी भारत ने सडक़ और बंदरगाह उपकरण के साथ एक्सक्वेटर, होईसटिंग, माइनिंग, डीप फाउंडेशन जैसे विभिन्न इफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित एप्लीकेशन के लिए लगभग 21 मशीनों का प्रदर्शन किया है। इस एक्सपो में सैनी भारत की ओर से 12 नई मशीनें लॉन्च की गई हैं। सैनी भारत ने एक पूरी तरह से नए प्रोडक्ट वर्टिकल की घोषणा की है जो भारतीय सडक़ ठेकेदारों को सडक़ उपकरण प्रदान करेगा। कंपनी देश भर में विभिन्न इफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं में 25,000 उपकरणों के निर्माण और आपूर्ति में मील का पत्थर साबित हुई है। इस एक्सपो में आने वाले लोग नई लॉन्च की गई मशीनों अवगत हो रहे है जो कि सैनी तकनीकी रूप से उन्नत डिजाइन, संचालन में आसानी और विश्वसनीयता के साथ कुशल है। ग्राहकों और हितधारकों के विश्वास के साथ-साथ अपने दृढ़ विकास के कारण, सैनी भारत अब चाकन, पुणे में अपने कारखाने में 50 से अधिक निर्माण उपकरण मशीनों का निर्माण कर रहा है और यह 2023 में ऑटोमेशन, सस्टेनेबिल्टी और क्वालिटी पर ध्यान देने के साथ-साथ उत्पाद की पेशकश का विस्तार करना जारी रखेगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए, सैनी भारत और साऊथ एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दीपक गर्ग ने कहा, बौमा जैसे लोकप्रिय एक्सपो में अपने उत्पादों को लॉन्च करने से हम बहुत उत्साहित हैं। हमेशा की तरह, हमें एक शानदार प्रतिक्रिया की उम्मीद थी और, हमारे विश्वास के अनुरूप हमारे कई उत्पादों की ब्रिकी एक्सपो स्थल में ही बिक्री हो गई । इस एक्सपो में उमड़ी भीड़ ने हमें नए व्यापारिक संबंध स्थापित करने और अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने में मदद की। उत्पाद लॉन्च के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि नई उत्पाद श्रृंखला हमारी विनिर्माण शक्ति और तकनीकी विशेषज्ञता को प्रदर्शित करती है, जो हमारे ग्राहकों के लिए उत्पादकता और लाभप्रदता में वृद्धि करेगी। यह मॉडल विशेष रूप से भारतीय बाजार के लिए बनाए गए हैं। निम्नलिखित मशीनों को पहली बार इस वर्ष बौमा कॉनएक्सपो में परिचय करवाया गया। एसपीआर 260ः पेश है सैनी भारत का पहला न्यूमेटिक टायर रोलर एसपीआर260सी, जिसका इस्तेमाल एसफाल्ट मैट फिनिश देने के लिए अंतिम परत के लिए किया जाता है। हमारा एसपीआर 260 शक्तिशाली इंजन से लैस है और 9 टायर कॉन्फगि़रेशन के कारण अपनी एप्लिकेशन में अद्वितीय है जो इसे अधिकतम रोलिंग चौड़ाई और ऑटोमेटिक टायर इंफेलेशन के साथ पूर्ण करता है। एसएलबी1500एक्स8ईः 120 टन/घंटा की क्षमता के साथ सैनी भारत का पहला एसफाल्ट बैच मिक्स प्लांट पेश कर रहा है। एसफाल्ट बैच उच्च गुणवत्ता वाली विश्व स्तरीय एसफाल्ट सडक़ों के लिए उपयोग किया जाता है। इसे सभी प्रकार की सडक़ों को कवर करने वाले एसफाल्ट उत्पादन प्रदान करने के लिए वैश्विक मानक मेक इन इंडिया मॉडल के साथ डिज़ाइन किया गया है। एसएपी100सी-10ः पेश है सैनी भारत का पहला ट्रैक पेवर। ट्रैक पेवर का उपयोग एसफाल्ट की सडक़ को पक्का करने और चिकनी मैट फिनिश देने के लिए किया जाता है। हमारा एसएपी100सी-10 पेवर एक बार में 10.2 मीटर तक की सडक़ बना सकता है। पूर्ण ऑटो लेवलिंग सिस्टम के साथ, यह बेजोड़ चिकनी सडक़ पूरी करता है और एक्सप्रेसवे, एनएचएआई, एसएच और पीडब्ल्यूडी सडक़ों के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जा सकता है। एससीएम2000सी-8एसः पेश है सैनी भारत का पहला ट्रैक कोल्ड मिलर। कोल्ड मिलर का व्यापक रूप से मरम्मत के लिए पुरानी परत को मिलाने के लिए सडक़ों के रखरखाव में उपयोग किया जाता है और यह एक बार में 2 मीटर चौड़ाई तक की सडक़ को आसानी से मिला सकता है और अधिकतर उच्च मिलिंग मात्रा के लिए उपयुक्त है। एक शक्तिशाली इंजन से लैस, यह आसानी से किसी भी स्तर को मिला सकता है और इसकी धूल हटाने की प्रणाली धूल को पर्यावरण में लीक होने से रोकती है। यह पूरी तरह से ऑटोमेटिक लेवलिंग सिस्टम है जिसमें कम लोगों की आवश्यकता होती है। एसवाई20यू- ज़ीरो टेल स्विंग, बूम ऑफसेट और स्विंग सुविधाओं के साथ सैनी का 2 टन माइक्रो मिनी एक्सक्वेटर जो इसे कॉम्पैक्ट स्थानों में अधिक अनुकूलनीय बनाता है।

## सनातन के अपमान का षड्यंत्र, किसी ग्रंथ के एक वाक्य या शब्द को संदर्भ से काटकर उनकी निंदा करना घोर नासमझी

देश में शिक्षा और संस्कृति का स्तर निरंतर गिरावट की ओर है। बिहार के शिक्षा मंत्री द्वारा महाकवि तुलसीदास और स्मृतिकार मनु महाराज को लांछित करना इसका नवीनतम प्रमाण है। मंत्री महोदय पहले भी यह सब कहते रहे हैं। यदि उनके ऊपर के महानुभाव इसी को सुनीति मानते हैं तो हमारी दुर्गति स्पष्ट है। ब्रिटिश शासन में भी हमारी शिक्षा से महान भारतीय शास्त्र बाहर नहीं हुए थे। जबकि आज उन्हें शिक्षा से हटाकर उन पर कीचड़ उछाली जा रही है। रामचरितमानस या मनुस्मृति की निंदा इसी का उदाहरण है। ऐसा करने वाले केवल सुनी-सुनाई दोहराते हैं। तुलसीदास के 'ढोल गवांर सूद्र पसु नारी/ सकल ताड़ना के अधिकारी।।' को लहराने वाले नेता इसका मनमाना अर्थ निकालते हैं। कभी इसे परखने का कष्ट नहीं करते। इस प्रसंग में समुद्र के घमंड से रुष्ट होकर श्रीराम द्वारा धनुष-बाण निकाल कर उसे सुखा देने का विचार है। तब भयभीत समुद्र श्रीराम से क्षमायाचना करते हुए विनती करता है। उसी में कैफियत देते अन्य बातों के साथ वह पंक्ति भी है। इस प्रकार, पहले तो प्रसंग अनुसार वह पंक्ति एक खलनायक की है। दूसरे, उस दोहे से ठीक पहले समुद्र ने यह भी कहा, 'गगन समीर अनल जल धरनी/ इन्ह कइ नाथ सहज जड़ करनी।।' अर्थात समुद्र ने अपनी मूर्खता स्वीकार करते हुए आकाश, वायु, अग्नि, जल, और धरती को 'स्वभाव से ही जड़' बताया। ऐसे जड़-प्रकृति पात्रों के प्रति कृपानिधान श्रीराम से क्षमाशील होने की विनती की। दोनों बातें एक सांस में कही गईं। यदि इसे कवि का संदेश ही मानने की जिद हो तब भी 'सूद्र' और 'नारी' को वायु और अग्नि के समकक्ष रखा गया है, परंतु प्रसंग छिपाकर, 'सूद्र' या नारी उठाकर मनमाना रंग देना राजनीतिक प्रपंच और शिक्षा के नाम पर कुशिक्षा देना है। इसी तरह जब मनुस्मृति के निंदकों से पूछा जाता है कि क्या उन्होंने 'मनुस्मृति' पढ़ी है? तो अधिकांश का उत्तर 'नहीं' में होता है। वे केवल यही कहते हैं कि उसमें शूद्रों या स्त्रियों के बारे में कुछ आपत्तिजनक सुना है। जबकि यदि जिल्द और शीर्षक हटाकर 'मनुस्मृति' किन्हीं भी शिक्षित व्यक्तियों को पढ़ने को कहें तो लगभग सभी उसे महान ग्रंथ मानेंगे। 'मनुस्मृति' मानव इतिहास में समाजशास्त्र का पहला ग्रंथ है। मनुस्मृति में किसी को कुछ आपत्तिजनक लगे तो उसकी समीक्षा होनी चाहिए। आज के नजरिये से हजारों वर्ष पुराने ग्रंथों में कोई अटपटी बात मिलने पर भी उसे लांछित करना या जलाना मूर्खता है। इसीलिए 'ओल्ड टेस्टामेंट' या 'कुरान' जैसे प्रचीन ग्रंथों को सम्मान दिया जाता है। जबकि उनमें अनबिलीवर और काफिर यानी अन्य धर्म-विश्वासियों के लिए भयंकर अपमानजनक बातें लिखी हुई हैं। उनकी दृष्टि से आज विश्व में करीब तीन अरब लोग अनबिलीवर और काफिर आदि हैं। तो क्या किसी को उन पुस्तकों को जलाने का अधिकार है? बिल्कुल नहीं। तब 'मनुस्मृति' के लिए दुर्भाव रखना विशुद्ध राजनीति से प्रेरित है। यह हिंदू समाज को नीचा दिखाने और तोड़ने के उद्देश्य से किया जाता है। मनुस्मृति की सामग्री में सृष्टि, दर्शन, धर्म-चिंतन, जीवन के विधि-विधान, गृहस्थ के नियम, स्त्री, विवाह, राज्यकार्य संबंधी परामर्श, विविध वर्णों के कर्तव्य, प्रायश्चित, कर्मफल विधान, मोक्ष और परमात्मा से संबंधित चिंतन है। कुछ प्रकाशनों में मनुस्मृति का कलेवर बड़ा दिखता है, किंतु इनमें कई प्रक्षिप्त अंश शामिल हैं, जो मूल श्लोकों से बेमेल लगते हैं। आधिकारिक विद्वान अनेक प्रकाशनों में दिए गए आधे से अधिक श्लोकों को मूल मनुस्मृति का नहीं मानते। किसी ग्रंथ के मूल्यांकन में उसके अनुयायियों का व्यवहार भी एक प्रामाणिक सूचक है। स्मरण रहे कि स्वामी दयानंद या विवेकानंद की शिक्षाओं और जीवन कर्म का आधार वेद, उपनिषद और मनुस्मृति ही रहे। भारतीय समाज की जो सेवा इन महापुरुषों ने की, उसकी प्रेरणा उन्हें वेदांत और मनुस्मृति से ही मिली। ऐसे में सवाल यही है कि क्या इन मनीषियों ने मनुस्मृति को अधिक समझा या आज के वे एक्टिविस्ट उसे उनसे बेहतर समझते हैं, जो समाज को तोड़ने-लड़ाने के लिए हिंदू ग्रंथों पर कालिख पोतते हैं यदि मनुस्मृति जातिवादी या स्त्री-विरोधी होती तो स्वामी दयानंद संपूर्ण भारत में इतना आधुनिक एवं प्रभावशाली आर्य समाज आंदोलन चलाने में कैसे सफल होते यह मनुस्मृति में ही लिखा है कि 'जहां नारियों का सम्मान होता है, वहीं देवता वास करते हैं।' 'धर्मो रक्षति रक्षितः' जैसी अनमोल सीख भी उसी की है। हजारों वर्ष पहले के इस ग्रंथ में अधिकांश बातें आज भी मूल्यवान हैं।

## हवा में जमीनी सच्चाई की परख; अगर सरकारी दावे से दूर होगी गरीबी, तो फिर बताओ गरीब कहां जाएगा

बजट का दिन था। सुबह से ही पेट में हलचल मची थी। कर्तव्य-पथ की झांकी देखने के बाद हमारा यह दूसरा कर्तव्य था, जब हम टीवी पर आंखें गड़ाए बैठे थे। साथ में दद्दू भी थे। वह बार-बार उचक रहे थे। हमसे ज्यादा उन्हें इस मौके का इंतजार था। आखिरकार सरकार ने अपनी पिटारी खोली। काफी देर तक बड़ी गंभीर किस्म की बातें होती रहीं, जो हमारे भेजे में जाने को तैयार ही नहीं थीं। हमें तब भी भरोसा था कि गंभीर-मंथन से कुछ न कुछ तो निकलेगा ही। बजट आने से पहले ही सरकार ने स्वयं हलवा चखा था। उसी हलवे का मजा अब हमें भी चखाएगी। यह सोच ही रहा था कि अचानक सत्ता-पक्ष की ओर से जोर-जोर से तालियां पीटी जाने लगीं। तभी सरकार जी ने घोषणा की कि हम अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं और यह अमृतकाल का पहला बजट है। यह सुनकर हमारे साथ बैठे दद्दू का बचा-खुचा भरोसा भी उठ गया, जो यह समझे बैठे थे कि सरकार का यह आखिरी बजट है। मैंने दद्दू की चिंता दूर करने के लिहाज से कहा, 'आप तनिक भी मत घबराओ। विष-वर्षा का समय गया। अब केवल अमृत बरसेगा। देख लीजिएगा, इस अमृतकाल में महंगाई और बेरोजगारी को सिर छुपाने की जगह भी नहीं मिलेगी। अब आप जो भी 'विष-वमन' करेंगे, वह अमृत हो जाएगा।' इस हौसला-अफजाई का दद्दू पर असर नहीं हुआ। हम चैनल-चैनल भटकने लगे। कहीं भी आत्मा को शांति नहीं मिल रही थी। अचानक एक चैनल पर हम दोनों की निगाहें बर्फ की तरह जम गईं। गजब दृश्य था। आसमान में एक मचान बंधा हुआ था। चार चैनल-चंचलाएं चर्चा को शिखर पर ले जाने को बेताब थीं। तीन विशेषज्ञ कमर में बजट को पेटी की तरह बांधे हुए दिख रहे थे। 10 कैमरे जमीन पर और 15 मचान पर तैनात थे। चैनल का दावा था कि 'उसकी सतर्क निगाह से अब कुछ नहीं बचेगा। बजट की क्या मजाल जो उससे रत्ती भर भी बच जाए! उनका चैनल हवा में बातें ही नहीं करता, देखता भी है। हवा से ही उनकी टीम जमीनी सच्चाई परख लेगी।' हमारी नजरें उसी चैनल पर टिकी रहीं। एक समाचार-सुंदरी ने हमारा बजट-बोध कराते हुए कहा, अमृतकाल में पेश किया गया यह ऐतिहासिक बजट है। इसकी चर्चा के लिए हमारे पास अलग-अलग दृष्टि रखने वाले विशेषज्ञों का पैनल है। जो सबसे बाईं ओर बैठे हैं, उनके पास 'विकट-दृष्टि' है। इन्हें अपने आसपास विकट के सिवाय कुछ नहीं दिखता। जो सज्जन बीच में विराजमान हैं, उनके पास 'गिद्ध-दृष्टि' है। इनकी विशेषता है कि इन्हें बहुत दूर का दिखता है, पास का बिल्कुल नहीं। और आखिर में दाईं ओर जो महामना तनकर बैठे हैं, उन्हें 'दिव्य-दृष्टि' प्राप्त है। इनकी खासियत है कि इन्हें वह भी दिखता है, जो होता ही नहीं। यह जो दिखाते हैं, लोग वही देखने लगते हैं। दूसरी चैनल-कन्या ने विमर्श को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'मेरा पहला प्रश्न विकट-दृष्टि जी से है। इस बजट को आप कैसे देखते हैं?' उन्होंने अंगुली उठाते हुए कहा, 'मैं इन लोगों से शुरू से ही कह रहा हूं, पर इन्हें कुछ नहीं दिखता। यह बजट गरीब-विरोधी है। अगर सरकारी दावे के हिसाब से गरीबी दूर होगी तो बताओ, गरीब कहां जाएगा इसलिए यह बजट भी इनके वादों की तरह झूठा है।' 'और आपकी इस पर क्या राय है आप अमृतकाल के आगमन पर क्या सोचते हैं?' चैनल-चंचला ने 'गिद्ध-दृष्टि' वाले सज्जन की ओर ताकते हुए पूछा। 'मुझे तो पिछले आठ वर्षों से दिख रहा है। चुनाव आता है। सरकार आती है। बजट आता है। इसमें नया क्या है? रही बात अमृतकाल की तो यह सरकार की साजिश है। वह इसी बहाने अमृत पीकर अमर होना चाहती है। मैं तो देख रहा हूं कि आगे चुनाव ही नहीं होंगे।यह सुनते ही 'दिव्य-दृष्टि' वाले सज्जन एकदम से उखड़ गए। मचान का एक पाया उखाड़कर वे कहने लगे, 'यह बजट का घोर अपमान है। कोरोना-काल के बावजूद सरकार अमृतकाल खींच लाई है, यह कम उपलब्धि है' यह सुनते ही बाकी दोनों सज्जन पेटी खोलकर खड़े हो गए। इससे विमर्श में संतुलन बिगड़ गया। मचान टूट गया, पर बजट का तिलिस्म नहीं टूटा। गनीमत रही कि किसी की हड्डी नहीं टूटी। दद्दू बोले, 'यह अवश्य ही अमृतकाल का प्रताप है।'



## केन्द्रीय बजट में 2023-24 में क्या खास

### इनकम टैक्स पर वित्त मंत्री का एलान- सात लाख रुपये तक की आमदनी पर नहीं देना होगा कोई टैक्स वित्त मंत्रा

नेक्स्ट जेनेरेशन टैक्स फॉर्म जारी किया जाएगा. जो सरल होगा. आसानी से टैक्स भरा जा सके इसके लिए नेक्स्ट जेनेरेशन टैक्स फॉर्म जारी किया जाएगा. कोऑपरेशन सेक्टर में 31 मार्च 2024 तक काम शुरू करने वाली नई कंपनियों को 15 फीसदी दी छूट दी जाएगी. अभी सालाना पांच लाख तक की आय पर लोग कोई आय टैक्स नहीं देते. इस स्तर को न्यू टैक्स रिज़ीम में सात लाख करने का प्रस्ताव रखा गया है. साल 2020 में पर्सनल टैक्स रिज़ीम में छह दरें जो दी गई थीं, इसे घटा कर पांच स्तर तक किया जाएगा. 0-3 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. 3 से 6 लाख तक की आय पर 5 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 6 से 9 लाख तक की आय पर 10 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 9 से 12 लाख तक की आय पर 15 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 12 से15 लाख तक की आय पर 20 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. 15 साख से से अधिक में 30 फ़ीसदी टैक्स लगेगा. नौ लाख तक की आय पर व्यक्ति को 45 हज़ार का टैक्स दोना होगा. 15 लाख की आय पर 1.5 लाख या 10 फीसदी का टैक्स देना होगा










#### ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दिया जाएगा

**लीथियम आयन बैटरी बनाने के लिए ज़रूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट जारी रहेगी. कैमरा लेन्स और लीथियम आयन बैटरी जैसे मोबाइल फ़ोन उत्पादन में लगने वाले ज़रूरी सामान के आयात में कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट जारी रहेगी. डीनेचर्ड इथाइल एल्कोहॉल से कस्टम ड्यूटी हटाने का प्रस्ताव. क्रूड ग्लिसिरीन पर लगे कस्टम ड्यूटी को 7.5 से घटाकर 2.5 करने का प्रस्ताव. चांदी पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को बढ़ाया जाएगा ताकि वो सोने और प्लैटिनम पर लगी कस्टम ड्यूटी के बराबर हो सके. सिगरेट पर लगे कस्टम ड्यूटी को तीन साल से नहीं बढ़ाया गया है. इसे बढ़ाकर 16 फीसदी करने का प्रस्ताव है।**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है. अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है. एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम को बदलने के प्रस्ताव पर काम इस साल एक अप्रैल में शुरू होगा. इसके लिए 9000 करोड़ के कॉर्पस का प्रावधान किया गया है. नेशनल फ़ाइनेन्शियल रजिस्ट्री फ़ॉर फ़ाइनेन्शियल स्ट्रैटेजी बनाया जाएगा. सेंट्रल प्रेसेसिंग सेंटर बनाया जाएगा ताकि कंपनियों के द्वारा फाइल किए जा रहे दस्तवेज़ों का जल्द निपटारा हो. गोवर्धन योजना के लिए 10 हज़ार करोड़ का आवंटन किया जाएगा. इसके लिए ज़रूरी राहत दी जाएगी सरकार एक करोड़ किसानों को ऑर्गेनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, इसके लिए 10 हज़ार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर बनाए जाएंगे. प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों की रीप्लेसिंग बेहद महत्वपूर्ण काम है, ये सतत ऊर्जा की राह में बड़ा कदम है. केंद्र सरकार की पुरानी गाड़ियों और एबुलेंस को नष्ट करने के लिए मदद की जाएगी. इसके लिए राज्य सरकारों को भी मदद दी जाएगी. अगले तीन सालौं में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 योजना लॉन्च की जाएगी, जिसमें इंडस्ट्री बेस्ट पाठ्यक्रम पर फोकस किया जाएगा. युवाओं को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार के लिए तैयार करने के लिए अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर बनाए जाएंगे. डायरेक्ट बेनिफ़िट स्कीम के तहत छात्रों की मदद के लिए भी स्कीम लॉन्च की जाएगी. इससे 47 लाख युवाओं की मदद होगी. पर्यटन को भी बढ़ावा देने की पूरी कोशिश होगी. देखो अपना देश योजना के तहत घरेलू पर्यटन को बढ़ाया दिया जा रहा है, इसके तहत सीमा के इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। मेनहोल या सीवर की सफाई का काम इंसानों के द्वारा न किया जाए और इसे मशीनों के ज़रिए किया जाए, इसके लिए ये काम 100 फ़ीसदी मशीनों से हो, ये कोशिश की जाएगी. डिजिटल लेनदेन के लिए पहचान के तौर पर आधार कार्ड को भी स्वीकार किया जाएगा. लैब में बनाए जाने वाले डायमंड में नौकरियां पैदा होने की संभावना है. इस मामले में आयात पर निर्भरता कम करने के लिए रिसर्च के काम को बढ़ाया जाएगा. न्याय मिलने में देरी न हो इसके लिए ई-कोर्ट के लिए सात हज़ार करोड़ का आवंटन किया जाएगा. ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम को पर्यावरण सुरक्षा क़ानून के तहत लाया जाएगा. पीएम प्रणाम नाम का नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा जिसके तहत कृत्रिम खाद की इस्तेमाल को कम कर नैचुरल खाद के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा. पीएम आवास योजना में 66 फ़ीसदी बढ़ोतरी की जाएगी और 79 हज़ार करोड़ रुपयों का आवंटन किया जाएगा. राज्य सरकारों को जो 50 सालों के लिए इंटरेस्ट फ्री लोन दिया गया है उसे एक और साल के लिए बढ़ाया जाएगा. भारतीय रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ का आवंटन करने की व्यवस्था की गई है, जो अब तक का सबसे बड़ा है. इससे पहले 2013-14 में जो आवंटन किया गया था ये उससे 9 गुना अधिक है. 50 और एयरपोर्ट, हेलिपैड और पोर्ट के पास पैड या तो बनाए जाएंगे या फिर उन्हें फिर से रीवाइव किया जाएगा.



## सुविधाओं के साथ सुधारों की सौगात बजट विकास दर को बल देने का भी काम करेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2023-24 का बजट एक ऐसा रणनीतिक बजट है, जिसके एक ओर आर्थिक सौगात दिखाई दे रही है, तो दूसरी ओर विकास दर बढ़ाने वाली रणनीति। इसी कारण वित्त मंत्री ने वर्ष 2023-24 के लिए छह प्रतिशत से अधिक की विकास दर का अनुमान जताया, जो दुनिया की सबसे ऊंची वृद्धि दर होगी। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने राजकोषीय प्रबंधन का बेहतर रोडमैप प्रस्तुत करते हुए वित्तीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अमृत काल का यह पहला बजट चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक हालत में देश ही नहीं दुनिया भर में इसीलिए रेखांकित हो रहा है, क्योंकि उससे एक ओर भारत खाद्यान्न एवं ऊर्जा आपूर्ति के मददगार देश के रूप में दुनिया में नई भूमिका के लिए आगे बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था के रूप में 2026-27 तक पांच ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के साथ-साथ विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की डगर पर आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा। बजट में वित्त मंत्री की एक मुट्ठी आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए खुली, वहीं दूसरी आर्थिक सुधारों संबंधी प्रविधानों के लिए खुलते हुए दिखाई दी।

बजट में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को गतिशील करने के लिए ऐसे कई प्रविधानों की एक श्रृंखला हैं, जिनसे निर्यात और विदेशी निवेश में वृद्धि, उपभोक्ता मांग में तेजी, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में बड़ा सुधार दिखाई देगा। रोजगार बढ़ाने के लिए बजट में वित्त मंत्री बुनियादी ढांचे पर अब तक के रिकार्ड पूंजीगत व्यय की रणनीति पर आगे बढ़ी हैं। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए पूंजीगत व्यय को 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाया है। चूंकि भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में उभरने की संभावनाएं रखता है, अतः वित्त मंत्री ने मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर के लिए बजट में बड़े एलान किए हैं। बजट का चमकीला पक्ष नई पीढ़ी को नए तकनीकी दौर की जरूरतों से सुसज्जित करने का भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई- रिक्शा चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले शातिर अपराधी 1. मुन्ना पुत्र मोहम्मद हसन निवासी मकान नं0 507 जामा मस्जिद वाली गली जे.जे. कालोनी सेक्टर 8 नोएडा मूल निवासी ग्राम नरियार जिला सहरसा बिहार, 2. कमलेश मिश्रा पुत्र नागेन्द्र मिश्रा निवासी मकान नं0 502 बी 1 न्यू अशोक नगर थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली मूल निवासी ग्राम कौसड़ थाना रघुनाथपुर जिला सिवान बिहार 12/22 चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी के चार ई- रिक्शा व चार बैट्री बरामद हुई है ।

### बदेरा अवैध शराब माफियाओं के ख़िलाफ़ युवा कांग्रेस ने किया जाका जाम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** बदेरा थाना अंतर्गत ग्राम विष्णुपुर बस स्टैंड में अवैध शराब की दुकान संचालित है , जहाँ पर आस पास के गाँव के शराबियों का अड्डा बन चुका है जिसके कारण आये दिन लड़ाई झगड़े ढंगा फसाद होते रहते है किसी दिन भी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना हो सकती थी । खेत मे आती जाती महिलाओं का निकलना मुश्किल था। एवं गाँव के छोटे बच्चे भी शराब के आदि हो रहे थे जिस कारण गाँव के साथ साथ क्षेत्र की जनता इस अवैध शराब माफियाओं से बहुत परेशान थी कई बार प्रशाशन को ग्राम वासियों द्वारा लिखित रुप से शिकायत भी की गई जिस पर प्रशाशन द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही थी ग्राम वासियों द्वारा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेन्द्र शर्मा (छोटू) से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर प्रदेश सचिव छोटू शर्मा ने धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने का तत्काल निर्णय लेते हुए दिनांक 28 / 01 / 2023 को ग्राम विष्णुपुर में अवैध शराब बंद कराने के ख़िलाफ़ ग्राम वासियों के साथ धरना देकर चक्काजाम कर दिया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित युवा कांग्रेस मैहर के निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा (लल्ला) , रामसिंह बुंदेला पूर्व सरपंच , जिला प्रवक्ता नवनीत श्रीवास्तव , सरपंच ललित तिवारी , बदेरा युकां अध्यक्ष मिंटू सिंह , पूर्व सरपंच विजय सिंह , पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह , केदार सिंह , युवा नेता इमरोज़ अहमद , अभय प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन व क्षेत्र वासी उपस्थित रहे ।

# ईपीसीएच ने 'वृक्ष - इंडियन टिंबर लीगलटी एसेसमेंट एंड वेरिफिकेशन स्कीम' और 'रीचिंग आउट टु ओवरसीज़ बायर थ्रू बाइंग हाउसेस' पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट एंड सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (बीएए) ने संयुक्त रूप से 28 जनवरी को नई दिल्ली में 'वृक्ष - इंडियन टिम्बर लीगैलिटी असेसमेंट एंड वेरिफिकेशन स्कीम' और 'रीचिंग आउट टू ओवरसीज बायर थ्रू हाउसिंग' पर एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया। राज कुमार मल्होत्रा, अध्यक्ष - ईपीसीएच (वर्चुअली शामिल हुए) रवि पासी, पूर्व अध्यक्ष ईपीसीएच




और संयोजक (उत्तरी क्षेत्र), डी कुमार, सदस्य सीओए - ईपीसीएच, आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच,सचिन राज जैन, संयोजक, एनसीसीएफ; विशाल ढींगरा, अध्यक्ष, सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (बीएए) ; राजेश रावत, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच और दिल्ली एन सी आर के प्रमुख निर्यातक और खरीद प्रतिनिधि उपस्थित थे। राकेश कुमार, महानिदेशक ईपीसीएच ने सूचित किया गया। आर.के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच ने जीआईपीएल, सोर्सिंग कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (बीएए), खरीद प्रतिनिधियों और दिल्ली एनसीआर के प्रमुख निर्यातकों जैसी विभिन्न एजेंसियों के सभी अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि आज का इंटरएक्टिव सत्र निर्यातकों की सुविधा और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुपालन से संबंधित उनके मुद्दों को संबोधित करने के लिए आयोजित किया गया है। हस्तशिल्प निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच में अंतर्राष्ट्रीय बाजार मानक और अनुपालन एक महत्वपूर्ण कारक बन रहे हैं। एक और पहलू जिसका लकड़ी के हस्तशिल्प निर्यातकों को ध्यान रखना चाहिए, वह लकड़ी की वैधता के संबंध में आवश्यक अनुपालन है और ईपीसीएच की 'वृक्ष - इंडियन टिम्बर लीगैलिटी असेसमेंट एंड वेरिफिकेशन स्कीम' जो 184 सीआईटीईएस हस्ताक्षरकर्ता देशों में स्वीकार की जाती है, का उद्देश्य निर्यातक के लिए भी ऐसा ही करना है।रवि पासी, पूर्व अध्यक्ष - ईपीसीएच और संयोजक (उत्तरी क्षेत्र) ने वर्षों से ईपीसीएच द्वारा प्रदान किए गए विभिन्न उत्पादों और समाधानों पर प्रमाणन की यात्रा को साझा किया। उन्होंने आगे बताया कि मूल्य श्रृंखला में वे सभी गतिविधियां शामिल हैं जो व्यवसाय एक उत्पाद को अवधारणा से अंतिम उपयोग और उसके बाद लाने के लिए करते हैं। एक मूल्य श्रृंखला की गतिविधियों को एक फर्म के भीतर समाहित किया जा सकता है या कई फर्मों के बीच विभाजित किया जा सकता है। मूल्य श्रृंखला गतिविधियाँ वस्तुओं या सेवाओं का उत्पादन कर सकती हैं और एक भौगोलिक स्थान पर केंद्रित हो सकती हैं या एक बड़े क्षेत्र में फैली हुई हो सकती हैं। एनसीसीएफ के संयोजक सचिन राज जैन ने इस अवसर 'वृक्ष - भारतीय इमारती लकड़ी वैधता आकलन और सत्यापन योजना' पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार ठउचित परिश्रमठ या ठउचित देखभालठ द्वारा लकड़ी की वैधता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने इस पर विस्तार से बताया कि कैसे वृक्ष (वीआरआईकेएसएच) मानक में शामिल कस्टडी आवश्यक ताओं की श्रृंखला संगठनों की आंतरिक प्रक्रियाओं के माध्यम से मान्यता प्राप्त आपूर्ति श्रृंखला प्रतिभागियों से प्राप्त वृक्ष सत्यापित टिम्बर उत्पादों को सटीक रूप से ट्रैक करने की क्षमता प्रदान करेगा ताकि ग्राहकों से उन उत्पादों की कानूनी वैधता और उत्पत्ति को लेकर सटीक दावा किया जा सके। इसके अलावा, उन्होंने मौजूदा कारोबारी माहौल में सस्टेनेबिल्टी, सर्कुलर इकॉनमी, कार्बन कॉन्ससियस वर्ल्डऔर कार्बन नेट शून्य के महत्व पर जोर दिया। दुनिया भर की सरकारें अब प्रोत्साहन और कार्बन क्रेडिट प्रदान करके और उद्योग को सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्य को समझाकर कारखानों से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य बना रही हैं।

## 2 शराब तस्कर गिरफ्तार कब्जे से 78 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 2 शराब तस्कर सूरज पुत्र बासुदेव निवासी ग्राम कोलुआ, थाना सिहोनिया, जिला मुरैना (मध्यप्रदेश) वर्तमान पता गली-1, सपेरा बस्ती, नया गांव, थाना फेस-2, नोएडा को थाना क्षेत्र के निमी बिहार पार्क के सामने सेक्टर-88, नोएडा, से व फैजान पुत्र अली अहमद निवासी ग्राम मौ0-सराय कस्बा व थाना कुरावली, जिला मैनपुरी, वर्तमान पता ठेके वाली गली, ग्राम भंगेल, थाना फेस-2 को थाना क्षेत्र के सिटी पार्क सेक्टर-93, फ्लाईओवर वाले कट,



नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त सूरज के कब्जे से 38 पव्वे अवैध देशी शराब व अभियुक्त फैजान के कब्जे से 40 पव्वे अवैध देशी शराब किये गये है। अभियुक्त शातिर किस्म के शराब तस्कर है जो अवैध शराब बेचकर अवैध धन अर्जित करते थे।

# मैहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैहर द्वारा एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन श्रद्धालुओं की आस्था के साथ कुठाराघात कर रही है सरकार प्रभात

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** मां शारदा मंदिर में स्थापित दामोदर रोपवे कंपनी के द्वारा टिकट के मूल्यों में की जा रही बेतहाशा वृद्धि एवं नगर पालिका क्षेत्र मैहर के सभी वार्डों की चौपट सफाई व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था पेयजल व्यवस्था एवं नगरी क्षेत्र में किए जा रहे गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों की जांच के संबंध में प्रभात द्विवेदी दद्दा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस की अगुवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैहर के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया एवं सात दिवस के अंदर ज्ञापन के बिंदुओं को पूरा करने के लिए कहा गया प्रभात द्विवेदी दद्दा ने बताया कि यदि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ज्ञापन पर विचार करते हुए रोपवे में किराए को तत्काल कम नहीं किया जाता तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैहर सात दिवस के बाद तालाबंदी करेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी श्री द्विवेदी ने आगे बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री मां शारदा के दर्शन करने आए थे मैहर की जनता आस लगा रही थी कि मुख्यमंत्री जी दर्शन के पश्चात मैहर के विकास



को लेकर कुछ टिप्पणी जरूर करेंगे पर हुआ बिल्कुल उसके विपरीत मुख्यमंत्री जी की धार्मिक यात्रा का ढोंग तो किया परंतु वह यात्रा उनकी व्यापारीयात्रा प्रदर्शित होने लगी उनके जाने के 1 सप्ताह के भीतर ही रोपवे का किराया ?40 के लगभग बढ़ाने की तैयारी की गई ज्ञापन के माध्यम से ब्लॉक कांग्रेस में नगर पालिका मैहर के उदासीन कार्यशैली एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी प्रश्न ऊठाए हैं ज्ञापन सौंपने के समय प्रमुख रूप सेप्रदेश कांग्रेस के महासचिव धर्मेश घई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह रविंद्र सिंह चूड़ामणि बढोलिया सेवादल से अरुण तने मिश्रा ऋषिकेश पांडे मुकेश सेन सुषमा अर्जरिया रामराज सिंह नागेंद्र सिंह चौहान अखिल मिश्रा सुरेश कोरी सुनील कोरी पार्षद ध्यानेश घई राम सिंह बुंदेला सनी सिंह रईस खान पुष्पेंद्र तिवारी रजनीश शर्मा दिलीप दुबे वीरेंद्र नामदेव कुलदीप पाठक दिनेश सावलानी रिंकू केसवानी पंकज कुशवाहा ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव कोदुलाल रजक चंद्रभान सिंह सौरभ निगम सौरभ केसरी एवं सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव के निर्देशन में यातायात



पुलिस द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार नागरिकों व छात्र/ छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार डीसीपी ट्रैफिक श्री अनिल कुमार यादव के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नागरिकों व छात्र/ छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अनुपालन में 5.01.2023 से शुरू सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज 28/1/2023 को यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सेल द्वारा वाहन चालको एवं विभिन्न स्कूल के बच्चों एवं स्टाफ व पैदल व्यक्तियों आदि को यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहनों चालकों को इंश्योरेंस व ड्राइवर लाइसेंस अपडेट करने हेतु गोष्टी, कार्यशाला इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया गया। तथा सूरजपुर चौराहे पर सीपीआर व फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया गया सड़क सुरक्षा माह के दौरान अभी तक लगभग 16540 छात्र-छात्राएं, वाहन चालक, व्यक्तियों आदि को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन अभियान के दौरान विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 5 जनवरी से 28 जनवरी तक कुल 29189 ई - चालान की कार्रवाई की गई।

# झुग्गी बस्ती सेक्टर- 50 में जरुरतमंद लोगो को कपड़ों का किया वितरण



(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे राहत अभियान के तहत ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेविका रितु सिंहा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा, ट्रस्ट की पदाधिकारी गुड़िया देवी, रेखा चौहान, रोहणी, पिंकी आदि ने झुग्गी बस्ती सेक्टर- 50, नोएडा पर गरीब जरुरतमंद लोगो को गर्म कपड़े, शॉल, चादर, स्वेटर, पैंट, शर्ट, कोट आदि का वितरण किया। सोशल एक्टिविस्ट्स गंगेश्वर दत्त शर्मा, रितु सिन्हा ने बताया कि दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा लगातार निशुल्क भोजन एवं गर्म कपड़े, कम्बल, साल, चादर, जरूरत का अन्य सामान आदि का वितरण किया जा रहा है और हमारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शहरी क्षेत्र के गरीबों को स्वरोजगार के लिए मिलेगा 2 लाख रुपए तक का ऋण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** परियोजना अधिकारी डूडा गौतमबुद्धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद दादरी के अंतर्गत आने वाले शहरी गरीबों को दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत शहरी बेरोजगार, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम हो, उन्हें स्वरोजगार करने के लिए 2 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजना में इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा कमरा नंबर 315 विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा एवं नगर पालिका परिषद दादरी में संपर्क करके निःशुल्क ऋण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा राशन कार्ड आगामी 30 जनवरी तक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य हैं।



# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की इकाई का विस्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर 12 में वैश्य समाज की शीर्ष संस्था अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (आईवीएफ) गौतम बुध नगर इकाई की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में वैश्य समाज के 20 घटकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की



अध्यक्षता आईवीएफ के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश व जिला के शीर्ष व्यापारी नेता सुनील गुप्ता ने की। इस अवसर पर बोलते हुए सुनील गुप्ता ने बताया वैश्य समाज के भारतवर्ष में 369 घटक है एवं सब घटकों की संख्या मिलाकर पूरे देश में लगभग 23 करोड़ है।जिसमें से अकेले उत्तर प्रदेश में वैश्य समाज की संख्या लगभग 3.50 करोड़ है। इसमें से अकेले जिला गौतम बुध नगर में 5.50 लाख वैश्य समाज के मतदाता है। वैश्य समाज ज्यादातर कारोबारी वर्ग,पढ़ा लिखा एवं व्यापारी वर्ग से संबंध रखता है। पूरे भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था एवं करदाता के रूप में इस वर्ग की सबसे अधिक भागीदारी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जिला गौतम बुध नगर, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, शामली, मुजफ्फरनगर,सहारनपुर,बड़ौत, अलीगढ़, मुरादाबाद , वृंदावन सहित अधिकांश जिलों में इस समाज की चुनावों में निर्णायक भूमिका होती है। ज्यादातर वैश्य समाज भारतीय जनता पार्टी के कोर वोटर के रूप में जाना जाता है तथा बहुत लंबे समय से भाजपा के वफादार वोटरों के रूप में भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए सुनील गुप्ता ने कहा कि इतना सब कुछ होते हुए भी इस शांतिप्रिय समाज की राज नीतिक हिस्सेदारी बहुत कम है,विशेष रूप से गौतम बुध नगर में उन्होंने वैश्य समाज से आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले 3 माह में गौतम बुध नगर से एक लाख से अधिक सदस्य बनाए जाएंगे तथा एक विशाल वैश्य एवं व्यापारी सम्मेलन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश एवं देश के प्रमुख प्रमुख वैश्य नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने यह भी मांग की कि भाजपा के राजनैतिक संगठन में इसकी 30ज्ञ् भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी चेताया कि अगर वैश्य समाज की बात अनसुनी की गई तो आगामी लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जोकि इस प्रकार है जिला कार्यकारणी, अध्यक्ष सुनील गुप्ता संरक्षक राधा कृष्ण गर्ग,महामंत्री संजय जैन, कोषाध्यक्ष रमाकांत गर्ग,वरिष्ठ उपाध्यक्ष,सुधीर चंद्र पोरवाल, डॉक्टर एच के वार्ष्णेय, आनंद स्वरूप गुप्ता, तरुण गुप्ता, जी सी महेश्वरी, कैलाश शाह,अशोक कुमार गुप्ता,राजेश नायक, उपाध्यक्ष नरेश बंसल, युवा विंग अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमरदीप औकुमार गुप्ता,आनंद गुप्ता,सचिव सुमित गुप्ता, महिला विंग वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ दीप्ति वार्ष्णेय आदि गणमान्य लोगों को मनोनीत किया गया।

# नादन छेत्र गोबरिया में श्रीकांत चतुर्वेदी फैंस क्लब के तत्वधान में आज से क्रिकेट टूर्नामेंट आरंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नादन।** नादन देहात छेत्र गोबरिया में श्रीकांत चतुर्वेदी फैंस क्लब के तत्वाधान में दिनांक 30 जनवरी से भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा



है मैहर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गोबरिया ग्राउंड में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में ग्रामीण अंचल की कई टीमें भाग ले रही है कार्यक्रम के आयोजक मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्रीय खिलाड़ियों को खेल के अवसर प्रदान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना है आज दिनांक 30 जनवरी को आयोजन का शुभारम्भ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी के कर कमलों का शुभारंभ हुआ आने वाले दिनों में क्षेत्र के नामी-गिरामी टीमें इस टूर्नामेंट में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमी बंधुओं से गोबरिया खेल मैदान में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है आज क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा जी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौभाग्य केशरी , महेश तिवारी ,पारसनाथ तिवारी , मंडल अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुबोध मिश्रा एवम क्रिकेट टीम साथ साथ अन्य दर्शक लोग उपस्थित रहे।

# बड़े आंदोलनों के ऐलान के साथ श्रमिकों का राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में हुआ संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर देश के 10 बड़े श्रमिक संगठनों इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटी यूसी,टीयूसीसी, सेवा,एआईसी सीटीयू, एलपीएफ, यूटीयूसी ने कांन्स्टिटशन क्लब एनेक्सी वीपीहाउस नई दिल्ली पर



श्रमिकों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड तपन सेंन ने केंद्र में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा अपनाई जा रही गलत नीतियों के कारण देश के श्रमिकों और आम लोगों/ सभी वर्गों के सामने उत्पन्न चिंताजनक स्थिति को रेखांकित किया! उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां न केवल मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और जनविरोधी है। ये नीतियां हमारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए विनाशकारी साबित हुई है। इन्हीं विनाशकारी नीतियों से देश को बचाने और लोगों को बचाने के लिए आगामी संयुक्त कार्रवाई तय करने के लिए आज मजदूरों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है।सम्मेलन को सभी संगठनों/ यूनियनों/एसोसिएशनों के राष्ट्रीय नेताओं ने संबोधित किया।सरकार की विनाशकारी नीतियों के खिलाफ क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होकर बड़े संघर्षों के आह्वान के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ।श्रमिक नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि श्रमिकों की पूर्व से चली आ रही 14 सूत्री मांगों को लेकर सम्मेलन में पूरे वर्ष चलने वाले संघर्षों की रूपरेखा तय की गई जिसके तहत मार्च से मई 2023 तक राज्य/ जिला और क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन होगा तथा जून 2023 से पदयात्रा, जीफ जत्थे, साइकिल जत्थे, मोटरबाइक जत्थे आदि कार्यक्रम किए जाएंगे जिस का समापन 09 अगस्त को भारत छोड़ो दिवस पर राज्य/ जिला/ क्षेत्रीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन की बड़ी कार्यवाहियों के साथ होगा तथा वर्ष के अंत में देशव्यापी आम हड़ताल की जाएगी।

# मैहर महापंचायत के बिंदुओं को लेकर प्रशासन की मध्यस्थता में हुई त्रिपक्षीय वार्ता

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।**क्षेत्रीय जन कल्याण संघर्ष समिति एवं कांग्रेस पार्टी मैहर के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया द्वारा विगत 13 जनवरी को आयोजित महापंचायत के बाद प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन मे निहित बिंदुओं के निराकरण को लेकर की गई नियत तिथि 28 जनवरी को एसडीएम कार्यालय मैहर में तीनों सीमेंट प्रबंधन के प्रतिनिधि तथा महापंचायत आंदोलन के आयोजक रामनिवास उरमलिया व वन परिक्षेत्राधिकारी मैहर के बीच एस डी एम मैहर के संयोजकत्व मे त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस वार्ता में समस्याओं पर विस्तार से बिंदु वार चर्चा की गई बेवाक और दो टूक बोले रामनिवास उरमलिया क्षेत्रीय जनकल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामनिवास उरमलिया ने जोर देकर कहा कि तीनों सीमेंट फैक्ट्रियों में मैहर क्षेत्र के लोगों को उनकी योग्यता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर काम दिया जाए और यह मेरे संघर्ष का मुख्य ऐजेंडा है। फैक्ट्री प्रबंधनो द्वारा किसानों के साथ की गई ज्यादिती और वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया ने कहा कि जिन किसानों की जमीन ली जा चुकी है उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की शर्त हर हाल में पूरी करनी होगी साथ ही भविष्य में अधिग्रहीत की जाने वाली किसानों की भूमि पर बिचौलिओ की भूमिका कतई स्वीकार नहीं होगी तथा शासन



द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के मुताबिक प्रबंधन द्वारा सीधे किसान को राशि दी जाए।इसी प्रकार तीनो सीमेंट प्रबंधन श्रमिकों के शोषण पर तत्काल विराम लगाते हुए उनकी सुरक्षा एवम् काम के आधार पर वेतन सुनिश्चित करें।नीलगायों से पीड़ित किसानो की समस्या का जिक्र करते हुए मौके पर उपस्थित मैहर रेंजर से उन्होंने कहा कि नीलगाय से सुरक्षा हेतु वन विभाग कृषि एवं आबादी क्षेत्रों में बांधवगढ की तार की बाड़ी लगाए।रेंजर मैहर ने मैहर के जंगलों में 2400 नील गायों के होने की बात स्वीकारी और आवश्यक इंतजाम किए जाने हेतु उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदन भेजने की बात कही।**फर्जी काम करना बंद करें सीमेंट प्रबंधन** कांग्रेस नेता श्री उरमलिया ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों की खातिरदारी करके सीमेंट प्रबंधनो द्वारा धोखाधड़ी और फर्जी कार्य किए जा रहे हैं।हमारे क्षेत्र के किसानों की भूमि अधिग्रहित नहीं की गई बल्कि छीन ली गई है तथा किसान की जानकारी के बिना चोरी चोरी फर्जी रजिस्ट्री कराकर सीमेंट प्रबंधन चोरी और सीनाजोरी कर रहे हैं। इसके अलावा फैक्ट्री में कार्यरत तमाम बाहरी लोगों के फर्जी राशन कार्ड बनवाकर नौकरी पर रखा गया है ।उन्होंने एसडीएम मैहर से कहा कि फैक्ट्रियों में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाए ताकि असलियत का पता चल सके और फर्जीवाड़े का खुलासा हो। **एसडीएम ने दी हिदायत** वार्ता की मध्यस्थता कर रहे एसडीएम मैहर ने सीमेंट प्रबंधन के उपस्थित प्रतिनिधियों को हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्रीय लोगों को विश्वास में लेकर काम करें तो अपवाद मे कमी आएगी। लगातार आरोपों से घिरे रहना अच्छी बात नहीं है। सबके लिए नियम कायदे बने हैं ।किसानों और मजदूरों को गाइड लाइन के अनुसार लाभ मिलना चाहिए।आप लोगों की कार्यप्रणाली पर आंदोलन पर आंदोलन हो रहे हैं।पीड़ित किसानो के न्यायालीन प्रकरण भी चल रहे हैं।सबको साथ लेकर चलना होगा और बार बार मेरे पास शिकायत नहीं आनी चाहिए। नीलगायों से हो रहे नुकसान पर एस डी एम ने कहा कि किसानों का नुकसान कैसे रोका जाए इस पर वन और राजस्व विभाग की संयुक्त पहल जरूरी है ये लिए गए निर्णय किसानों की भूमि अधिग्रहण से बिचौलिए होंगे बाहर । जिन किसानों को नौकरी दिए जाने का एग्रीमेंट दिया गया था उनके परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी दी जाएगी। क्षेत्रीय लोगों को योग्यतानुसार काम दिया जायेगा। कार्यरत श्रमिकों को नियमानुसार लाभ दिया जायेगा नीलगायों से सुरक्षा हेतु बारह फिट ऊंचाई की तार बाउंड्री लगाने वन एवम् राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त पहल की जाएगी **समस्याओं के निराकरण की तारीख हुई तय** एसडीएम मैहर ने महापंचायत के ज्ञापन मुताबिक समस्याओं के निराकरण किए जाने हेतु तीनों सीमेंट फैक्ट्रियों के लिए अलग अलग तारीख निश्चित की जिसके तहत बिरला सीमेंट(रिलायंस) 07 फरवरी , के जे एस सीमेंट 09 फरवरी तथा 11फरवरी को अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा आरोपों एवम् समस्याओं का आधारभूत निराकरण किया जायेगा।

# लखनऊ और ओबरा की टीमें बनी विजेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित पांचवें मास्टर ब्लास्टर कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला लखनऊ और शुभम क्रिकेट क्लब दिल्ली के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 118 रन बनाया। संजय ने 24 और विकास ने 17 रनों का योगदान दिया। विपक्षी टीम के गेंदबाज आशुतोष और शुभम ने तीन-तीन विकेट चटकाए। 119 रनों का पीछा करने उतरी शुभम क्रिकेट क्लब दिल्ली की टीम 20 ओवर में 93 रन बनाकर आलआउट हो गई। लखनऊ ने इस मैच को 25 रनों से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। सौरभ माथुर ने 21 व आशुतोष ने 12 रन बनाये। वहीं प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच यंग स्टार ओबरा और अनपरा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अनपरा की टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 124 रन बनाया। शिवम ने सर्वाधिक 52 व सौरभ ने 23 रनों की पारी खेली।

# खेत में मिला वृद्धा का शव, ठंड लगने की आशंका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** कछवां क्षेत्र के पाहो बाजार के पीछे एक खेत में शनिवार को सुबह



एक वृद्धा का शव मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। परिजनों ने ठंड से मौत होने की आशंका जताई। कछवां थाना क्षेत्र के पाहो बाजार के एक खेत में वृद्धा का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों से जानकारी लेकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त बजहा गांव निवासी बबना देवी (75) पत्नी राम मूरत के रूप में की। बबना देवी के पुत्र जोगेंदर ने बताया कि उनकी मां बीमार चल रही थीं। उनका उपचार बीएचयू के चिकित्सकों के माध्यम से चल रहा था। शनिवार को सुबह मां घर से कहीं निकल गई थीं। दोपहर में सूचना मिला कि एक महिला का शव पाहो बाजार के पीछे खेत में पड़ा है, पहचान नहीं हो पा रही है। मौके पर पहुंचकर देखे तो मां का शव खेत में पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि वृद्धा मानसिक रूप से कमजोर थी। प्रथम दृष्टया मामला ठंड से मौत का लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# 60 लीटर अवैध चोरी के डीजल के साथ तीन नफर अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिहं के कुशल निर्देशन



में जनपद में अवैध डीजल चोरी व उसमें संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 29.01.2023 को थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण 1.मनीष कुमार गुप्ता पुत्र व्यास प्रसाद गुप्ता, निवासी अशोका मार्केट खड़िया, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र 2. विजय कुमार पटेल पुत्र स्व0 सीता राम पटेल, निवासी उपरोक्त, 3.आदित्य गुप्ता उर्फ बेटू पुत्र आकाश गुप्ता निवासी अम्बेडकरनगर पानी टंकी के पास, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र को मुखबिर की सूचना पर बोदरा बाबा पहाड़ी क पास खड़िया से 60 लीटर अवैध चोरी के डीजल के साथ गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शक्तिनगर पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गयी । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1. मनीष कुमार गुप्ता पुत्र व्यास प्रसाद गुप्ता, निवासी अशोका मार्केट खड़िया, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र। 2. विजय कुमार पटेल पुत्र स्व0 सीता राम पटेल, निवासी अशोका मार्केट खड़िया, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र। 3.आदित्य गुप्ता उर्फ बेटू पुत्र आकाश गुप्ता निवासी अम्बेडकरनगर पानी टंकी के पास, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण-** 60 लीटर अवैध चोरी का डीजल । **पुलिस टीम का विवरण-** 1. उ0नि0 विष्णु दत्त राय, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र । 2. का0 आदर्श शुक्ला, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र । 3. का0 जय प्रकाश यादव, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र ।

# बाइक के टक्कर से महिला घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर कोटार गांव के पास शनिवार को सुबह सड़क पार कर रही महिला को हलिया के




तरफ से घर वापस जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिला चितरंगी विच्छी निवासी गुलविया (67) पत्नी मनफेर यादव अपने बहनोई भोला यादव निवासी कोटार थाना हलिया के यहां इलाज कराने आई थीं। शनिवार को सुबह महिला घर के सामने सड़क पार कर रही थी। इस बीच हलिया की तरफ से नौगवां निवासी बाइक सवार दो लोग घर जा रहे थे। बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया। जिसे ग्रामीणों ने दौड़ाकर दो किलोमीटर दूर पकड़ लिया ग्रामीणों ने प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह को सूचना देकर बाइक सवारों को पुलिस को सौंप दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां डॉ. हर्षवर्धन ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख महिला को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के खैरा पुलिस चौकी से पहले सड़क पर फैली गिट्टी के चलते बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में बाइक सवार युवक और किशोरी घायल हो गई। युवक को गंभीर चोट लगी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अपने गाड़ी से लेकर सीएचसी ले गई। वहां से उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। कछवां कस्बा निवासी दीना शर्मा और उनके पुत्र संजय शर्मा क्लीनिक खोले हुए हैं। संजय शर्मा का पुत्र उत्सव शर्मा (26) अपने मित्र की बहन को परीक्षा दिलाने के लिए सीखड़ गांव के एक कॉलेज की तरफ जा रहा था। खैरा पुलिस चौकी से करीब 300 मीटर पहले सड़क पर फैली गिट्टी के चलते बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर बैठी किशोरी को हल्की चोट लगी। गंभीर रूप से घायल युवक उत्सव शर्मा अचेत हो गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा अचेत युवक को बोलेरो वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवां ले गए। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उत्सव को ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि हादसे के बाद बाइक सवार को अस्पताल ले आया गया। यहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# जिला एकीकरण समिति, सोनभद्र की तृतीय त्रैमास की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राधिका पटेल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला एकीकरण समिति, सोनभद्र की तृतीय त्रैमास की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में जिला एकीकरण समिति सदस्य




अजीत सिंह भण्डारी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा धर्म केवल मानव धर्म होना चाहिये तभी हम अखण्ड हो सकते हैं। प्रमिला जायसवाल ने एकीकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी एक साथ-मिलजुल कर देश के विकास में सहयोगी बनें एवं देश को लोकतन्त्र में मानव की गरिमा बनाये रखें। ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि हमारे भारतवासी सुख-शान्ति एवं अमन-चमन से रहना पसन्त करते हैं, किन्तु कुछ अराजक तत्व अमन-चैन खराब करने की फिराक में रहते हैं फिर भी हमारा सौभाग्य है कि सारे कौम के लोग एक हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि यह जनपद सदैव से भाईचारा, एकीकरण, साम्प्रदायिक सद्भाव को संजोए रखा है यहाँ कौमी एकता सदैव से कायम रहा है तथा कायम रहेगा। अमरेश चन्द्र पाठक ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दुरूह एवं आदिवासी क्षेत्र में स्थित अपने जनपद में कौमी एकता कायम है, जिससे यह प्रतीत होता है कि हमारे राष्ट्र में एकता बनी हुयी है। रमेश देव पाण्डेय ने कहा कि हमारे समाज में जो गंगा-जमुनी तहजीब आज भी दिखायी देती है, उसे सहेजने की आवश्यकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की पहचान मानवीय मूल्यों के आधार पर है इसे बचाए रखना देश के प्रत्येक नागरिकों का दायित्व है। राष्ट्र से हम सभी है और हम सभी से राष्ट्र है। राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस मौके पर मा0 सांसद प्रतिनिधि दिनेश बियार, डी0सी0एन0आर0एल0एम0 ए0के0 जौहरी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री विशाल सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी शशि भूषण शर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 प्रेमनाथ, प्रबन्धक संत जेवियर्स हा0स्कूल राबर्ट्सगंज, व्यायाम प्रशिक्षक युवा कल्याण प्रदीप कुमार सिंह, क0स0 युवा कल्याण महफूज अली खान सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

# ठेकेदार कहाँ से ला कर खपा रहे नॉट फॉर सेल सीमेंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** डाला बाजार नगर पंचायत स्थित नई बस्ती लिंक सम्पर्क मार्ग से लगभग 200 मीटर डूडा विभाग द्वारा नाली का निर्माण कराया जाना है जिसमे जो सीमेन्ट उपयोग में लाया जा रहा है । वह बाजार में खुदरा बिक्री के लिए नही है। शासन द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों को रियायती दरों पर दिए जाने वाला किफायती सीमेंट बेचने का मामला सामने आया है। ठेकेदार के साथ सांठ-गांठ कर कम दर वाला सीमेंट बेचने का कारोबार सोनभद्र जिले में किया जा रहा है। डाला बाजार नगर पंचायत में पहले तो जोरो की चर्चा हुई आखिर यह सरकार के किस प्रोजेक्ट को खोखला करने के बाद सीमेन्ट बचाया गया। जिसे नाली निर्माण में उपयोग किया जा रहा है। नगर वासियों में सीमेन्ट की तरह-तरह के चर्चाएं हैं । यह सीमेन्ट लगभग सैकड़ों बोरी कहां से आया । आखिर सरकारी धन का बंदर बांट इसे ही कहते हैं। गौरतलब हो कि सरकारी बिल्डरों को भवन, स्कूल सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा कम दाम में नॉट फॉर सेल लिखा सीमेंट की बोरी उपलब्ध कराई जाती है, जिसे बेचना प्रतिबंधित रहता है। लेकिन बिल्डरों द्वारा अधिक मुनाफा कमाने के लालच में दुकानदारों / ठेकेदारों को बेचा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उपयोग में लाने के लिए सीमेंट की बोरी को शासन द्वारा बिल्डरों को कम दर से उपलब्ध कराई जाती है। जिसे बिल्डरों द्वारा अवैध तरीके से दुकानदारों /ठेकेदारों को अधिक कमाई के लिए खपाने का खेल लंबे समय से खेला जा रहा है। जिसके कारण शासन को मिलने वाले लाखों रुपए के टैक्स का नुकसान हो रहा है।वही अवैधानिक तरीके से सीमेन्ट जो छत्तीसगढ़ का उपयोग किया जा रहा हैं । जिन बोरोयों पर देख चर्चा रही वही ठेकेदार के आदमी निश्चिंतता से काम करते दिखे। जिस नाली में 10 स्स् का सरिया का प्रयोग किया जाना है वही 8 लगा कर खाना पूर्ति किया जा रहा हैं । ठेकेदार के मिस्त्री ने बताया कि जो सामान हमे काम करने को मिला है हम उसी से काम कर रहे हैं इस सम्बंध के विभागीय अधिकारी ने बताया कि इस समय टेंडर मात्र कार्य कराने का होता है। सारे सामग्री ठेकेदार को लगाने होते है।



# ओवर लोडिंग अवैध परिवहन रोकने हेतु 9 गाड़िया का हुआ चलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन रोकने हेतु चला अभियान अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग करने वाले 09 गाड़ियों का चालान कर, 08 वाहनों को सम्बन्धित थानों को अभिरक्षा हेतु किया गया सुपूर्द शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के नेतृत्व में 29 जनवरी 2023 को अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान के दौरान आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे कुल 09 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एम0चेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमे 08 वाहनों को लोढ़ी व डाला बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, ए0आर0टी0ओ0 धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# शारदा मंदिर से लेकर सुदामा पाठक तक निकला रथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ओबरा।** विगत तीन दिनों से मैहर धाम के पूर्व प्रधान पुजारी एवम प्रधान पुजारी जी का आगमन बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर होकर लगातार ओबरा नगर के शारदा मंदिर पर माई के भक्तो का सैलाब उमड़ रहा है इसी क्रम में माँ मैहर धाम के पूर्व प्रधान पुजारी श्री श्री 108 श्री देवी प्रसाद जी महाराज व प्रधान पुजारी श्री पवन जी महाराज निकाली गई।शोभायात्रा गजराजनगर होते हुए चोपन रोड सुदामा पाठक चौराहे से होते हुए भक्त संतोष अग्रहरि के आवास तक पहुची।शोभायात्रा में सैकड़ो भक्तों ने माँ शारदे के जयकारे लगाते हुए डीजे की धुन पर जमकर थिरके।

# लाकअप में किसान की दर्दनाक मौत पर कटघरे में सिस्टम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राजस्व लाकअप रॉबर्ट्सगंज में किसान की मौत पर चर्चित बैरिस्टर विकास शाक्य ने सिस्टम पर लगाया गंभीर आरोप। राजस्व लॉकअप में पीयूसीएल के प्रदेश संगठन सचिव एडवोकेट विकास शाक्य ने शिकायती पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही मृतक के पुत्र नीरज दुबे के साथ न्याय दिलाने सोनभद्र की भूमिका पर भी सवाल उठाए थे। इनसब के बाद भी संज्ञेय अपराध की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित परिवार को मुआवजा नवीनतम जांच की अद्यतन रिपोर्ट



सुधाकर दुबे के मौत के मामले पर एसडीएम सहित तहसीलदार के खिलाफ कोतवाली रावटसगंज में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीयूसीएल के प्रदेश संगठन सचिव विकाश शाक्य ने सिस्टम पर लगाये कई गंभीर आरोप। वरिष्ठ वकील ने कहा कि यह संघर्ष और न्याय की अधूरी जीत है। निष्पक्ष विवेचना और सजा दिलाए जाने तक का संघर्ष अभी बाकी है। शाक्य ने कहा कि विगत वर्ष 19 मई को सदर तहसील के राजस्व लॉकअप में राजस्व बंदी सुधाकर दुबे के मौत प्रशासनिक लापरवाही और क्रूरता के कारण हो गई थी। जिसका पोस्टमार्टम कराए बगैर शव को जलवा दिया गया था। इसके साथ ही साक्ष्यों एवं सबूतों के साथ छेड़छाड़ भी किया गया था। मामला संज्ञान में आने पर की लड़ाई भी उन्होंने शुरू की है। इसके साथ ही मशहूर अधिवक्ता विकास शाक्य ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका भी दाखिल कराया है। इस लोमहर्षक कांड में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दस लाख रुपए मुआवजा और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश उत्तर प्रदेश सरकार को दिया था। परंतु प्रशासन ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने प्रमुख सचिव गृह और राजस्व सचिव उत्तर प्रदेश को मानवीय कृतियों और दुर्व्यवस्थाओं पर फटकार भी लगाई थी। साथ ही जिला स्तर पर हुई मजिस्ट्रेटियल जांच को भी पूर्वाग्रह और दूषित बताते हुए जिलाधिकारी के साथ 3 फरवरी को पुनः तलब किया गया। इसी क्रम में कमिश्नर विंध्याचल मंडल की अध्यक्षता में जिलाधिकारी मिर्जापुर सहित स्थानीय अधिकारियों के साथ जांच करने आए जांच टीम द्वारा परिजनों को पूर्व सूचना दिए बगैर आई थी। इसलिए जानकारी न होने के कारण पीड़ितों का बयान नहीं दर्ज हो सका था। उन्होंने कहा कि लंबी लड़ाई के बाद तहसीलदार एवं एसडीएम के विरुद्ध 304 भारतीय दंड विधान का मुकदमा जिला प्रशासन ने तो दर्ज करा दिया है। परंतु वादी मुकदमा के निचले रैंक के ऑफिसर से विवेचना कराई जा रही है जो प्रतिस्थापित विधि व्यवस्था के विरुद्ध है। शाक्य ने कहा कि निष्पक्ष विवेचना और दोषियों को सजा दिलाने तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

# मिशन वात्सल्य के तहत ब्लॉक स्तरीय बाल संरक्षण समिति की उन्मुखीकरण प्रशिक्षण व बैठक का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** घोरावल ब्लाक के सभागार में ब्लॉक प्रमुख व खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बाल सरंक्षण समिति ,महिला शक्ति केंद्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह की टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई ।जिसमें खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार यादव द्वारा बताया गया की बाल विवाह ,बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और नवजात परित्यक्त शिशु बालक बालिका की सूचना देने के लिए सभी टोल फ्री नम्बर और अपने विभागीय नंबर को डिस्प्ले कराने के लिए कहा गया ताकि आम जनमानस को पता हो की बच्चो के संबंधित सूचना देने के लिए किसे और कहा सूचित करना है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को हेल्थ एटीएम की सौगात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब हेल्थ एटीएम की सुविधा उपलब्ध होगी। गंभीर बीमारियों की गरीबों को बाहर से जांच नहीं करानी पड़ेगी। हेल्थ एटीएम मशीन से एक मिनट में 70 तरह की जांच हो सकेगी। हेल्थ एटीएम का लाभ मड़िहान के करीब डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा। यह जानकारी मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने शनिवार को हेल्थ एटीमए के उद्घाटन के दौरान दी। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियां होने पर तहसील क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल अथवा निजी चिकित्सालय में जाना पड़ता था। इससे धन और समय दोनों बर्बाद होता था। मड़िहान में यह सुविधा उपलब्ध होने से गरीबों का समय और पैसा दोनों बचेगा। जांच में ईसीजी से लेकर लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर आदि की रिपोर्ट तत्काल मिल सकेगी। एटीएम हेल्थ मशीन उपलब्ध होने से स्वास्थ्य टीम को भी राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ने से मरीजों, तीमारदारों को अन्यत्र जाने अथवा रेफर होने का झंझट नहीं रहेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मड़िहान के अलावा राजगढ़ व अहरौरा में भी मशीन उपलब्ध हो गयी है। स्वास्थ्य टीम की मांग पर विधायक ने पटेहरा को भी जल्द हेल्थ एटीएम मशीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. एके राय, डॉ. महेंद्र सिंह चौधरी, डॉ. आरएस वर्मा, डॉ. अश्विनी सहाय, डॉ. एसपी गुप्ता, उदयभान, राजेश पटेल, अनंत पांडेय आदि मौजूद रहे।



# तीन सीओ समेत पांच थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिले के तीन सीओ समेत पांच थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने



फेरबदल कर दिया है। राजगढ़ थाना प्रभारी और चुनार सीओ को हटाए जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है। सीओ चुनार को हाल ही में चार्ज दिया गया था। उधर, जिले से स्थानांतरण होने के बाद भी कई पुलिसकर्मी प्रभार में बने हुए हैं। गणतंत्र दिवस पर सिल्वर मेडल पाने वाले देहात कोतवाल का भी स्थानांतरण किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने चुनार सीओ मंजरी राव को हटाकर सीओ बिल्डिंग बना दिया है, जबकि उनको डेढ़ माह पहले ही सीओ चुनार बनाया गया था। सीओ मड़िहान (ऑपरेशन) उमाशंकर सिंह को सीओ चुनार, अनिल कुमार पांडेय को सीओ ऑपरेशन बनाया गया है। देहात कोतवाल को गणतंत्र दिवस पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल मिला। इसके अगले ही दिन उनको हटाकर अपराध शाखा में विवेचना विंग में भेजा गया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक बृजेश सिंह को देहात कोतवाल बनाया गया है। पड़री थानाध्यक्ष माधव सिंह को एसओजी प्रभारी बनाया गया है। चुनार थाने में तैनात निरीक्षक अपराध अरविंद कुमार पांडेय को थाना प्रभारी जिगना तथा निरीक्षक समर बहादुर को थाना प्रभारी चील्ह बनाया गया है। राजगढ़ थाना प्रभारी अरुण दुबे को हटाया गया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से निरीक्षक राणा प्रताप को राजगढ़ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसओजी प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार यादव को निरीक्षक अपराध थाना कछवां, चील्ह थानाध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव को पड़री थाने का प्रभारी बनाया गया है।

# भारत की बहुत पहले से क्लोज इन कैचिंग की रही है समस्या, कोच राहुल द्रविड़ ने किया खुलासा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच खेला जाएगा। मैच से पहले बीसीसीआई ने एक वीडियो साझा किया है। इसमें भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने भारत की तैयारियों को लेकर चर्चा की। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले क्षेत्ररक्षण, विशेषकर स्लिप कैचिंग पर ध्यान दे रही है। गौरतलब हो कि भारत के स्लिप खिलाड़ियों का प्रदर्शन पहले से चिंता का विषय रहा है और द्रविड़ ने कहा कि टीम चार मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले यहां प्रैक्टिस के दौरान स्लिप कॉर्डन को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। द्रविड़ ने ट्विटर पर बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ठहर कोई वास्तव में अच्छी स्थिति में दिख रहा है। टेस्ट टीम को फिर से एक साथ लाना अच्छा है। पिछले एक महीने से हम व्हाइट बॉल क्रिकेट खेल रहे थे। द्रविड़ ने भारत की फील्डिंग पर चर्चा करते हुए कहा, 'भारत का फील्डिंग पक्ष वास्तव में महत्वपूर्ण रहा है। हमें लगता है कि क्लोज-इन कैचिंग सीरीज का वास्तव में महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रहा है। क्लोज-इन कैचिंग, स्लिप फील्डिंग ये सब महत्वपूर्ण होने वाले हैं। इस तरह की चीजों पर बहुत जोर और ध्यान दिया जाता है।ठ द्रविड़ ने कहा कि टीम पूरे साल क्रिकेट खेलेगी, खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए शायद ही कोई समय है और इसलिए सीरीज से एक सप्ताह पहले समय मिलना काफी रोमांचक था। भारत ने लगातार तीन सीरीज जीती है बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। पहला टेस्ट मैच नागपुर में खेला जाएगा। दूसरा दिल्ली, तीसरा धर्मशाला, चौथा और आखिरी टेस्ट मैच अहमदाबाद में खेला जाएगा। आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर है। भारत दूसरे स्थान पर काबिज है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहली बार 1996-97 में खेला गया था। भारत ने पिछली तीन सीरीज 2017, 2018-19 और 2020-21 में जीती है। भारतीय टीम इस जीत की लय को कायम रखने की कोशिश करेगी।



# बचपन में पुलिस से डरने वाले नसीम शाह को बनाया मानद डीएसपी नियुक्त किए गए बलूचिस्तान के सद्भावना दूत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह को शनिवार को बलूचिस्तान पुलिस का सद्भावना दूत नियुक्त किया गया। बलूचिस्तान पुलिस ने आईजी बलूचिस्तान पुलिस कार्यालय क्वेटा में आयोजित एक समारोह में तेज गेंदबाज को पुलिस का मानद डीएसपी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए शाह ने अपना आभार व्यक्त किया और कहा, ठबचपन में मैं पुलिसकर्मियों से डरता था। मेरे माता-पिता पुलिस का जिक्र करके मुझे डराते थे। हालांकि, जैसा कि मैं बड़ा हो गया हूं। हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो बलिदान करते हैं, मुझे उसका एहसास हुआ है।ठ बचपन में पुलिस से डरते थे नसीम शाह नसीम ने आगे कहा, ठवे न केवल हमारे लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं, बल्कि मेरे पास उनकी सेवा का एक और सरल उदाहरण है। एनसीए में हमारे साथ नियुक्त लोग हमारी सुरक्षा के लिए रात में जागते हैं। अगर मुझे रात को अच्छी नींद न मिले तो मैं काम भी नहीं कर सकता। पुलिस के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है और उनकी सहायता के लिए मैं बहुत आभारी हूं। नसीम शाह पहले पाकिस्तानी गेंदबाज नहीं हैं जिन्हें यह सम्मान दिया गया है। जुलाई 2022 में शाहीन शाह अफरीदी को खैबर पख्तूनख्वा पुलिस के सद्भावना दूत के रूप में नामित किया गया था। बता दें कि नसीम शाह 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। टी20 विश्व कप और पाकिस्तान में खेली गई सीरीज में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। नसीम ने एशिया कप में भारत के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी।



# पाकिस्तान की जगह अब इस देश में हो सकता है एशिया कप का आयोजन, एसीसा की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले एशिया कप 2023 को लेकर आज यानी 4 फरवरी को एशियन क्रिकेट काउंसिल की औपचारिक बैठक हुई। इस बैठक को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुलाया। मीटिंग बहरीन में हुई , जिसमें एसीसी के अध्यक्ष जय शाह भी शामिल रहे। बता दें कि एशिया कप इस साल सितंबर में पाकिस्तान की मेजबानी में होना है, जिसको लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पहले ही साफ कर दिया है कि टीम इंडिया एशिया कप के लिए पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएगी। इस मुद्दे को लेकर आज एसीसी की अहम बैठक में खास बातचीत हुई।दरअसल, बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी की शनिवार यानी 4 फरवरी 2023 को बहरीन में पहली औपचारिक बैठक हुई, जिसमें ये जानकारी मिली कि एशियाई क्रिकेट परिषद मार्च में एशिया कप और वनडे टूर्नामेंट के लिए वैकल्पिक स्थल पर फैसला करेगी ऐसा माना जा रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तीन स्थलों दुबई, अबु धाबी और शारजाह में आयोजन हो सकता है, लेकिन फिलहाल फैसले को स्थगित रखा गया है। पाकिस्तान से बाहर कराने के पीछे एक तर्क यह भी है कि वहां डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया बहुत तेज गिर रहा है। ऐसे में एसीसी को वहां इस टूर्नामेंट के आयोजन में काफी खर्च करना होगा एसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि सेठी ने अभी-अभी पीसीबी की कमान संभाली है और अगर वह पहली बैठक में ही मेजबानी के अधिकार को सौंप देते, तो इससे घर पर खराब प्रभाव पड़ता। पाकिस्तान वर्तमान में एक आर्थिक संकट से गुजर रहा है और मुद्रास्फीति ने देश की मुद्रा को 1 अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये 277 तक गिरने के साथ देश को बहुत मुश्किल से मारा है। एशिया कप जैसे हाई प्रोफाइल टूर्नामेंट का आयोजन, भले ही एसीसी अनुदान का भुगतान करे, पीसीबी के खजाने में छेद कर सकता है, इसलिए रणनीतिक रूप से, यदि टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाता एसीसी ने आश्वासन दिया है कि वह अफगानिस्तान बोर्ड की हर संभव मदद करेगी ताकि देश में महिला क्रिकेट को पुनर्जीवित किया जा सके। तालिबान शासन में महिलाओं के खेल खेलने पर प्रतिबंध है।




# एसीया कप 2023 कहीं और आयोजित करने पर भड़का पाकिस्तान




(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच तब से ठनी हुई है जब से पाकिस्तान को 2023 एशिया कप के मेजबानी अधिकार दिए गए थे। बीसीसीआई सचिव जय शाह, जो एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं, अपने रुख पर कायम हैं कि भारत टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा दोनों क्रिकेट बोर्ड के बीच मामला तब गरमा गया, जब पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने बीसीसीआई को चेतावनी दी थी कि उनके फैसले के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। क्योंकि पाकिस्तान भी भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से बाहर हो सकता है।शनिवार को बीसीसीआई सचिव शाह और पीसीबी अध्यक्ष सेठी ने एशिया कप 2023 के आयोजन मामले पर चर्चा के लिए बहरीन में एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में बातचीत की। बैठक में यह चर्चा हुई की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एशिया कप की मेजबानी कर सकता है। बता दे कि यूएई में ही पिछला एशिया कप भी आयोजित किया गया था पाकिस्तान दे रहा विश्व कप न खेलने की धमकी पाकिस्तान क्रिकेट, ईएसपीएन क्रिकइंफो के सूत्रों के अनुसार, सेठी ने बैठक में शाह को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भारत सितंबर के आयोजन से हटता है, तो पाकिस्तान विश्व कप में हिस्सा नहीं लेगा, जो अक्टूबर-नवंबर में भारत में आयोजित किया जाएगा।ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट में कहा गया है, ठपीसीबी ने इस पर विशेष आपत्ति जताई। यह भी बताया गया कि एसीसी की बैठक में सेठी के सख्त रुख ने शाह को आश्चर्यचकित कर दिया। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है, ठसेठी के रुख ने जय शाह को आश्चर्यचकित कर दिया क्योंकि उन्हें इसकी उम्मीद नहीं थी आयोजन स्थल पर अंतिम फैसला मार्च में होने की उम्मीद है। जब आईसीसी और एसीसी कार्यकारी बोर्ड की बैठकें एक के बाद एक होंगी।

# मिचेल स्टार्क के बाद पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे जोश

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** एड़ी की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का भारत के खिलाफ नागपुर में पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे। साथ ही दिल्ली में दूसरे मैच में खेलना भी संदिग्ध है। हेजलवुज को पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश से प्रभावित सिडनी टेस्ट में गेंदबाजी करने के बाद बाएं पैर में चोट लगी थी। हेजलवुड अभी कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहूंगा, दूसरे मैच में भी खेलने को संदिग्ध लग रहा हेजलवुड ने रविवार को बेंगलुरू के केएससीए स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के अंतिम सत्र से पहले 'क्रिकबज' से कहा, ठपहले टेस्ट के बारे में सुनिश्चित नहीं हूं। चोट ठीक होने में भी भी कुछ दिन बाकी है, लेकिन वापसी जल्द ही होगी। दूसरे से लिए भी स्पष्ट रूप से नहीं कह सकता।ठ हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को टीम में जगह मिल सकती है।हेजलवुड ने भी स्कॉट बोलैंड का समर्थन किया है कि वह टीम के लिए खेलें। हेजलवुड ने कहा, ठस्कॉटी ने एमसीजी में काफी गेंदबाजी की है, जब यह सपाट विकेट था, यह शायद स्विंग या रिवर्स स्विंग नहीं था। इसलिए वह जानता है कि लंबे समय तक कड़ी मेहनत कैसे करनी है। आपके पास लांस मॉरिस है, जिसने पिछले महीने रिवर्स स्विंग पर कड़ी मेहनत की है और फिर कुछ सत्रों के साथ यहां अच्छी बढ़त बनाई है। हेजलवुज ने आगे कहा ठउपमहाद्वीप में खेलने के लिए सबसे पहले लोग उत्साहित हैं, उन दोनों ने अभी तक भारत में नहीं खेला है, लेकिन वे ऐसा करने के लिए बहुत अच्छी योग्यता रखते हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया पहले टेस्ट के लिए पहले ही मिशेल स्टार्क के बिना खेलेगी।

# राशिफल

**मेष-:आप आने वाले दिनों की प्लानिंग करेंगे। आज मेहनत आपको पॉज़िटिव रिज़ल्टस दिलाएगी। बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा। किस्मत आपके साथ रहेगी।**

**वृष-:इस सप्ताह अपने निर्णयों पर दृढ़ रहें और दूसरों के विचारों से प्रभावित ना हों। अच्छा होगा कि आप अपने ही विचारों को सुने। किसी भी व्यक्ति को अपने ऊपर उसके विचार थोपने ना दें।**

**मिथुन-:किसी ऊँचे और ख़ास इंसान से मिलते समय घबराएँ नहीं और आत्मविश्वास बनाए रखें। यह सेहत के लिए उतना ही ज़रूरी है, जितना काम-धंधे के लिए पैसा।**

**कर्क-:इस सप्ताह जीवनसाथी के साथ विदेश यात्रा का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के संगीतकार या वेब डिजाइनर्स के करियर में आज राजयोग की स्थिति बन रही है।**

**सिंह-:किसी विवाद से बचें। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजमर्रा की समस्याएं आसानी से सुलझ सकती हैं। महत्वपूर्ण फैसले लेना चाहते हैं, तो आज ले सकते हैं।**

**कन्या-:इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।**

**तुला-:नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।**

**वृश्चिक-:इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।**

**धनु-:नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।**

**मकर-:परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।**

**कुंभ-:मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।**

**मीन-:पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।**







# पूरा नागपुर बोल रहा शुभमन अब तो देख लेठ, शहर की सड़कों पर लगी होर्डिंग; उमेश ने खींची टांग

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के चर्चे हर जगह हो रहे हैं। क्रिकेट की गलियों से लेकर शहर के चौहारों तक। अब हर जगह उन्हीं के पोस्टर, बैनर और होर्डिंग ही दिखाई दे रहे। जब से शुभमन गिल ने दोहरा शतक और टी20घ् में शतक जड़ा है। तब से उनकी फैंन फॉलोइंग बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर एक तस्वरी वायरल हो रही, जिसमें एक लड़की 'टिंडर शुभमन गिल से मैच करा दो' का पोस्टर लिए हुए दिखाई दे रही है। अब नागपुर की सड़कों पर भी दिखाई दे रहा है। नागपुर में 9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। इसके लिए टीम इंडिया नागपुर पहुंच गई है। वहीं, नागपुर की सड़कों पर वायरल हुई लड़की की तस्वीर की होर्डिंग लगी है। दरअसल, लड़की के पोस्टर को टिंडर ने अपनी ब्रांडिंग रणनीत के तहत उसे पोस्टर और होर्डिंग के रूप में बदल दिया। इतना ही नहीं टिंडर ने ब्रांडिंग रणनीति के तहत महिला प्रशंसक की वायरल तस्वीर को पूरे नागपुर में विज्ञापन होर्डिंग्स पर लगा दिया। पूरे नागपुर में लगी होर्डिंग को फैंस ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। होर्डिंग में लिखा है, ठशुभमन इधर तो देख लोठ। शुभमन गिल ने भी अपने इंस्टाग्राम पर एक रील बनाई है। जिसमें वायरल हुई महिला प्रशंसक की तस्वीर का इस्तेमाल किया गया है। नागरपुर शहर की सड़कों पर लगी होर्डिंग को कई क्रिकेट फैंस ने शेयर किया है। साथ ही कई प्रशंसकों ने इस पर मजेदार कमेंट भी किए। इन्ही में से एक भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव ने ट्विटर पर तस्वीर शेयर की और शुभमन गिल की टांग खींचते हुए लिखा, ठपूरा नागपुर देख रहा है, अब तो देख ले।ठ बता दें कि उमेश यादव और शुभमन दोनों ही खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच के लिए टीम का हिस्सा हैं।







# इन्हें अटेंशन चाहिए नजरअंदाज करि इरफान पठान ने बंद कर दिया पाकिस्तानी गेंदबाज का मुंह




(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ने कुछ दिनों पहले उमरान मलिक पर टिप्पणी की थी। इस पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने जवाब दिया है। पठान ने एक ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा कि ऐसे लोग अटेंशन पाना चाहते हैं। इन्हें नजरअंदाज किया जाना चाहिए। गौरतलब हो कि पाकिस्तान के तेज गेंदबाज सोहेल खान ने नादिर अली के पॉडकास्ट पर उमरान मलिक को लेकर एक अजीबो-गरीब टिप्पणी की थी। सोहेल ने कहा, ठउमरान एक होनहार प्रतिभाशाली गेंदबाज है, लेकिन पाकिस्तान के घरेलू मैदान में 'उसके जैसे गेंदबाज' बहुत आम हैं।ठ इस पर एक रिटार्यड मेजर ने ट्वीट कर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद का स्टेमेंट याद दिलाया।भारतीय सेना के रिटायर्ड मेजर गौरव अर्या ने ट्वीट करते हुए लिखा, ठपाकिस्तानी क्रिकेटर ने कहा उमरान मलिक जैसे हमारे डोमेस्टिक क्रिकेट में भरे पड़े हैं। जावेद मियांदाद ने इरफान पठान के बारे में भी कहा था। फिर इरफान ने पाकिस्तान में जाकर पाकिस्तान की टीम का बैंड बजा दिया था।ठ इस ट्वीट का जवाब देते हुए भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा, ठमेजर साहब ऐसे स्टेमेंट दे कर इन्हें अटेंशन चाहिए। इग्नोर मारिए। बता दें कि 2004 में जावेद मियांदाद ने इरफान पठान को लेकर कहा था कि इरफान पठान जैसे गेंदबाज पाकिस्तान की गलियों में मिलते हैं। इस पर पठान नेकोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। बल्कि अपने प्रदर्शन से मियांदाद की बोलती बंद कर दी थी। इरफान ने 3 तीन टेस्ट मैच में 12 विकेट लेकर पाक टीम में अपना खौफ पैदा कर दिया था।

# शानदार फॉर्म में चल रहे कुलदिप यादव नागपुर टेस्ट से हो सकते है बाहर, ये खिलाड़ी ले सकता है जगह

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 9 फरवरी को नागपुर में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए दोनों टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी है। बता दें कि टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैचों के लिए भारतीय टीम में कुलदीप यादव को भी शामिल किया गया है कुलदीप लगातार शानदार फॉर्म में चल रहे हैं, जिन्होंने वनडे और टी20 में अपने प्रदर्शन से हर किसी को प्रभावित किया है, लेकिन इसके बावजूद भी नागपुर में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच में उन्हें प्लेइंगर्-घ् में जगह मिलने की संभावना कम है। आइये जानते हैं कौन-सा खिलाड़ी कुलदीप की जगह प्लेइंगर्-घ् में नजर आ सकता है।दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा वापसी करेंगे, ऐसे में उन्हें टीम इंडिया के लिए नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए देखा जाएगा। जडेजा गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी टीम इंडिया को मजबूती देंगे। जडेजा ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में कुलदीप यादव को मौका मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। बता दें कि कुलदीप इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ साल 2022 टेस्ट सीरीज में कुल 8 विकेट चटकाए थे। इसके बाद कुलदीप ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे में कुल 8 विकेट चटकाए। साल 2021 अगस्त महीने के बाद से भारत के लिए नहीं खेले रविंद्र जडेजा ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र की कप्तानी की थी। तमिलनाडु के खिलाफ जडेजा ने दूसरी पारी में सात विकेट हासिल करते हुए दमदार अंदाज में वापसी की थी। ऐसे में 60 टेस्ट में 242 विकेट ले चुके जडेजा के पास बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 250 विकेट पूरे करने का शानदार मौका होगा।



# शिव और प्रियंका को विनर कहने पर बौखलाए फैंस, इस कंटेस्टेंट को बता रहे हैं असली विजेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 का फिनाले जैसे-जैसे करीब आ रहा है, इसके विनर को लेकर लोगों की धड़कनें तेज हो रही है। ज्यादातर दर्शकों और सेलेब्स को लगता है कि फाइनल में प्रियंका चाहर चौधरी, शिव ठाकरे और एमसी स्टैन जाने वाले हैं। तो किसी को अर्चना गौतम में भी संभावनाएं दिख रही हैं। इन सबके उलट सोशल मीडिया पर तो कुछ और ही चल रहा है। सोशल मीडिया पर शालीन भनोट के नाम के चर्चे हैं। ऐंत्व्ह सुबह से ही ट्रेंड कर रहा है। फैंस डिमांड कर रहे हैं कि शालीन को ही बिग बॉस 16 का विनर बनना चाहिए। इन ट्रेंड पर कुछ ऐसे भी हैं जो आश्चर्य जता रहे हैं। शालीन के फैंस का कहना है कि उन्हें डे वन से अच्छे से गेम को समझा और खेला है। शालीन एक दौलते सदस्य हैं जो शुरुआत से ही हमेशा लाइम लाइट में रहे और उन्होंने शो को अपना 100 परसेंट दिया है। अब फैंस तो फैंस हैं, वर्ना बिग बॉस 16 को देखने वाला हर दर्शक जानता है कि शालीन का शो में टीना और चिकन के अलावा क्या योगदान है। ऐसे ही एक फैन ने लिखा कि शालीन का सफर घर में काफी उतार चढ़ाव भरा था, उनके अलावा कोई और बिग बॉस का विनर बनना डिजर्व ही नहीं करता है। तो किसी का कहना है कि घर में खामोश रहना शालीन का गेम प्लान था, इसी वजह से वो शो में 18 हफ्तों से टिका हुआ है। दूसरी तरफ शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें शालीन ने खुद को नंबर 6 पर रखने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि वो घर में सबसे बेस्ट हैं और किसी भी लिहाज से नंबर 6 के लायक तो नहीं है। इसी बात को लेकर शिव और उनके बीच कहासुनी भी हो गई और उन्होंने राशन लेने से भी मना कर दिया।





# सामंथा ने सनकिस्ड पिक्चर की शेयर, फैंस बोले- आपसे शादी करने का प्रोसिजर क्या है




**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों सिटाडेल के इंडियन वर्जन की शूटिंग में बिजी चल रही हैं। वहीं एक्ट्रेस ने अपने किमती टाइम में से कुछ वक्त निकालकर फैंस के साथ अपनी एक पिक्चर शेयर की है। जिसमें सामंथा काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में एक्ट्रेस के चेहरे पर मार्निंग ग्लो नजर आ रहा है। उनके चेहरे की स्माइल उनकी खूबसूरती पर चार चांद लगा रही है। इस तस्वीर में सामंथा ऑल व्हाइट लुक में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने व्हाइट टी-शर्ट के ऊपर व्हाइट जैकेट पहनी हुई है। उनके चेहरे पर सूर्य की कुछ किरणें आ रही हैं। सामंथा के फेस पर स्माइल है। पिक्चर देखकर लग रहा है कि वो ट्रेवल कर रही हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'लाइट को ढूंढो।' सामंथा के इस पोस्ट पर उनके फैंस अलग-अलग कमेंट कर रहे हैं। उनके एक फैन ने लिखा, 'यहां सन मून को किस कर रहा है।' वहीं एक अन्य फैन ने लिखा, 'आपको लाइट की जरूरत नहीं है.. आप खुद शाइन हो।' एक यूजर ने लिखा, 'आपसे शादी करने का प्रोसिजर क्या है?' एक अन्य ने लिखा, 'आपकी स्माइल से सुबह की शुरुआत हुई।' सामंथा के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों एक्ट्रेस पॉपुलर फ्रेंचाइजी सिटाडेल की इंडियन स्टॉलमेंट की शूटिंग में बिजी चल रही हैं। वहीं 17 फरवरी को उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म शकुंतलम रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में सामंथा के अपोजिट देव मोहन नजर आएंगे। फिल्म को गुणशेखर ने डायरेक्ट किया है। फिल्म तमिल, तेलुगु के अलावा हिंदी में भी रिलीज होगी।

# बेघर हुई सुम्बुल तौकीर का छलका दर्द, कहा शालीन भनोट के साथ ऑब्सेस्ड वाली बात ने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 से सुम्बुल तौकीर बेघर हो गई हैं। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें इस बात का बहुत बुरा लगा था, जब उन पर इस बात का आरोप लगाया गया था कि वह शालीन भनोट से ऑब्सेस्ड है, तब उन्हें बहुत बुरा लगा था। सुम्बुल तौकीर खान बिग बॉस 16 से बेघर होने वाली हालिया प्रतियोगी है, अब बनाती हूं तो मैं सबके लिए बनाती हूं अगर मैं अपने करती हूं तो उनके भी कर देती हूं। उससे मुझे खुशी मिलती है।'सुम्बुल तौकीर खान ने आगे कहा, 'उस दोस्ती को जो इतना गलत नाम मिला, मुझे बहुत दुख हुआ। मैं अपने पिता के बारे में भी सोच रही हूं मुझे लग रहा है वह कितना दुखी महसूस कर रहे होंगे। वह जब यह देखेंगे, उनकी क्या हालत होगी। मैं उनसे




डरी हुई हूं। मैं खो गई थी। मुझे यह भी याद नहीं है कि उस समय मुझे कैसा महसूस हुआ। मैं यह भी नहीं जानती थी कि मैं रो रही थी और कह रही थी मुझे घर जाना है। मैं शालीन भनोट को लेकर चिंताग्रस्त थी।' सुम्बुल तौकीर ने शो से बाहर निकलने के बाद एक प्रेस वक्तव्य में कहा, 'मेरी बिग बॉस की जर्नी अच्छी रही। इसमें मैंने अच्छा और बुरा समय दोनों देखा। पिछले कुछ महीने बहुत ही उतार-चढ़ाव से भरे थे। मैंने बहुत कुछ सीखा है। इससे मेरे व्यक्तित्व को भी निखार दिया है।' उन्होंने इसके साथ कई लोगों का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने शालीन भनोट के साथ उनके रिश्ते पर लगे आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। सम्बुल तौकीर खान को बेघर करने के लिए नॉमिनेट किया गया था सम्बुल को घर से बेघर करने के लिए एमसी स्टैन और शिव ठाकरे ने नॉमिनेट किया था। जब वह घर से बेघर हो रही थी तब इन दोनों के अलावा निमृत कौर अहलूवालिया भावुक हो गई थी। अब इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में सुम्बुल ने कहा है कि जब उन पर यह आरोप लगाया कि वह शालीन भनोट से ऑब्सेस्ड हो गई हैं, तब उन्हें बहुत बुरा लगा था। वह कहती हैं, 'मुझे यह करना बहुत अच्छा लगता है अगर मैं खाना

# कियारा-सिद्धार्थ की शादी के लिए शाहिद-मीरा और करण जौहर ने जैसलमेर के लिए भरी उड़ान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा आखिरकार शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। सालों तक एक दूसरे को डेट करने के बाद ये कपल कल यानी 6 फरवरी को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस होटल में शादी करने जा रहा है। शनिवार को ये कपल अपनी फैमिली के साथ जैसलमेर पहुंचा था। वहीं अब फ़िल्मी सितारें इस शादी में शामिल होने के लिए जैसलमेर के लिए रवाना हो रहे हैं। सिद्धार्थ और कियारा की शादी के प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत रविवार यानी 5 फरवरी से होने जा रही हैं। ऐसे में शाहिद कपूर वाइफ मीरा राजपूत के साथ जैसलमेर के लिए रवाना हो चुके हैं। शाहिद-मीरा ही नहीं बल्कि जाने-माने डायरेक्टर करण जौहर भी सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी में शिरकत करने। करण जौहर जैसलमेर के लिए उड़ान भर चुके हैं। करण जौहर को रविवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। 4 फरवरी को कियारा और सिड समेत उनकी फैमिली वेडिंग वेन्यू जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस होटल में पहुंचे थे। इस दौरान दोनों की पूरी टीम भी नजर आई थी। आज से शुरू होंगे शादी के फंक्शन 5 फरवरी से को इस कपल की मेहंदी और संगीत के फंक्शन होने जा रहे हैं। ये कपल पंजाबी रीति-रिवाज से शादी करने वाला है। इस दौरान करीब 100-150 लोगों को इनवाइट किया है। मनीष मल्होत्रा का लहंगा पहनेगी कियारा कियारा ने अपने खास दिन के लिए मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का लहंगा पहनने वाली है। खबरों की माने तो मनीष ने सिड और कियारा की शादी के लिए करीब 150 आउटफिट तैयार किए हैं। दूल्हा और दुल्हन दोनों ही सभी फंक्शन में मनीष मल्होत्रा के क्रिएशन्स पहनेंगे। 150 ड्रेसज में दूल्हा-दुल्हन के परिवार वालों भी शामिल हैं।





# तेजस्वी प्रकाश की जुबां पर गलती से आ गया विनर का नाम ये कंटेस्टेंट जीतने वाला है ट्रॉफी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इंडिया का सबसे कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस अब अपने अंत की तरफ बढ़ रहा है। लोग इस सीजन के विनर का नाम जानने के लिए बेताब है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर लगातार ट्रेंड्स सामने आ रहे हैं। बिग बॉस 16 में इस वक्त 6 सदस्य बचे हैं शालीन भनोट, शिव ठाकरे, प्रियंका चाहर चौधरी, अर्चना गौतम, एमसी स्टैन और निमृत कौर। हाल ही में सीजन 14 की विनर रह चुकीं रुबीना दिलैक से जब पूछा गया कि वो किसे ट्रॉफी जीतते हुए देख रही है। तो उन्होंने कहा कि वो प्रियंका चाहर चौधरी और शिव ठाकरे को फाइनल में आमने-सामने देख रही है। इसी तरह से अब सीजन 15 की विनर तेजस्वी प्रकाश ने भी बताया कि उन्होंने क्या लगता है कि इस सीजन का विनर कौन बनने वाला है। बिग बॉस 14 और 15 की विजेता रुबीना दिलैक और तेजस्वी प्रकाश ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में विजेता के बारे में कुछ बड़े संकेत दिए हैं। फिल्मी घंटा के अनुसार, दोनों को लगता है कि प्रियंका इस साल ट्रॉफी जीत लेगी, क्योंकि उनमें एक विजेता के सभी गुण हैं जो उन्हें ट्रॉफी का प्रबल दावेदार बनाता है। रुबीना और तेजस्वी दोनों ने घर में प्रियंका की दृढ़ संकल्प, रणनीति और पूरे गेमप्ले के लिए उनकी तारीफ की। इन दोनों के अलावा अर्जुन बिजलानी, एली गोनी, निक्की तम्बोली, गौहर खान और अन्य हस्तियों ने भी खुलासा किया है कि बिग बॉस 16 का विजेता कौन है। उन्हें भी लग रहा है कि प्रियंका चाहर बिग बॉस 16 जीत जाएंगी। सोशल मीडिया पर भी प्रियंका को लेकर बज पहले से है, फैंस उन्हें जीतते हुए देखना चाहते हैं। हालांकि, बिग बॉस 11 की विनर रह चुकी शिल्पा शिंदे को लगता है कि घर में शिव ठाकरे ही ऐसे हैं जिन्हें विजेता बनना चाहिए। तो वहीं बिग बॉस 4 में नजर आ चुकी डॉली बिंद्रा ने कहा कि निमृत को ही जीतना चाहिए क्योंकि प्रियंका काफी मैनिपुलेटिव लगती है शो में हर बार।





# शादी को पूरा हुआ एक साल, एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर पति को किया विश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस



करिश्मा तन्ना और वरुण बंगेरा आज 5 फरवरी को अपनी पहली वेडिंग एनिवर्सरी सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस कपल ने आज ही के दिन साल 2022 को शादी रचाई थी। वहीं अब करिश्मा तन्ना ने इस खास मौके पर पति वरुण बंगेरा को सोशल मीडिया पर विश किया और वेडिंग का वीडियो भी पोस्ट किया। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर वेडिंग का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमे उनकी शादी के खूबसूरत पलों को दिखाया गया है। इस वीडियो के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा- एक साल नीचे, हमेशा के लिए जाने के लिए हमें पहली शादी की सालगिरह मुबारक हो जीवन इतना सुंदर कभी नहीं रहा जितना कि यह पिछला साल आपके साथ मेरी तरफ से रहा है। मैं आपको प्यार करती हूं। करिश्मा तन्ना और वरुण बंगेरा की लव स्टोरी की बात करें तो इस कपल की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। दोनों की पहली मुलाकात धीरे-धीरे दोस्ती में बदली और फिर प्यार में।

# सिर्फ 30 मिनट में तैयार किया था नाटू-नाटू सॉन्ग, एमएम कीरवाणी बोले- सोचा नहीं था

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** साल की शुरुआत में जब एस. एस. राजामौली निर्देशित फिल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाटू नाटू' के लिए संगीतकार एम. एम. कीरवाणी स्टेज पर गोल्डन ग्लोब ट्राफी लिए नजर आए तो हर देशवासी ने गौरवान्वित महसूस किया। अब इस गाने को प्रतिष्ठित आस्कर अवार्ड में नामांकन मिला है। फिल्मकार नीरज पांडेय के कार्यालय में एम.एम. कीरवाणी से स्मिता श्रीवास्तव की बातचीत के अंश गोल्डन ग्लोब अवार्ड की उपलब्धि कैसे देखते हैं? मैं बहुत खुश हूं। फिल्म की सफलता मेरे लिए बोनस की तरह रही, क्योंकि मैं इस तरह के अवार्ड की उम्मीद नहीं कर रहा था। इस तरह की वैश्विक ख्याति पाने का लक्ष्य नहीं था। मेरा लक्ष्य था फिल्म भारत में सफल हो। बतौर टीम मेंबर मैं यही चाहता था कि इस फिल्म को लोगों का खूब प्यार मिले। मैं इस बोनस को एंजॉय कर रहा हूं।मेरे अपने कुछ सिद्धांत हैं, जिनका मैं अनुसरण करता हूं। मैं ऐसा इंसान हूं जो सफलता का जश्न नहीं मनाता, क्योंकि सफलता या विफलता मिलना स्वाभाविक सी चीज है। जब आप सफलता का जश्न नहीं मनाते तो यह आपके दिमाग को सामान्य स्थिति में रखता है। यह बात श्रीमद्भगवद्गीता में कही गई है। उसमें कहा गया है कि कर्म करो, फल की इच्छा मत करो। गीता में यह भी कहा गया है कि परिणाम को




भगवान श्रीकृष्ण पर छोड़ दो। यह बात हर किसी पर लागू होती है। आप बस अपना काम करें। उसके परिणाम को ईश्वर पर छोड़ दें, उन्हें कृष्ण कहें या अल्लाह। अगर आप अपने प्रयासों से खुश हैं तो आप सफल हैं। परिणाम कई बार सकारात्मक तो कभी नकारात्मक हो सकते हैं। उन पर ध्यान न दें। यही वजह है कि इस सफलता को मिलने पर मन-मस्तिष्क नियंत्रण में है, पर मैं खुश हूं। यह मास नंबर गाना है। इसे कहानी की मांग के अनुसार ही कंपोज किया गया था। इस गाने को शुरुआत में चंद्रबोस ने लिखा था। मैंने उनके बोल को संगीतबद्ध किया। इस गाने को कोरियोग्राफ किया था प्रेम रक्षित ने। इसके लिए उन्हें भी श्रेय दिया जाना चाहिए जिसकी वजह से गाना धूम मचा रहा है। हमारे पास गाने पर परफार्म करने के लिए सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और रामचरण थे। यह टीमवर्क था, लेकिन वैश्विक स्तर पर अवार्ड मिलना हमारी अपेक्षाओं से परे था। यहां तक कि निर्देशक राजामौली ने भी इसकी उम्मीद नहीं की थी। गाने को सिर्फ एक दिन में लिखा गया था जबकि उसका संगीत तैयार करने में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। उसे प्रोग्राम करने और गाने में दो दिन और लगे। कुल चार दिन में यह गाना तैयार हो गया था। गाने को जब अन्य भाषाओं में डब किया गया तो ध्यान रखा गया कि गीत का अर्थ न बदले। डबिंग की प्रक्रिया के समय लिपसिंक, क्लोज अप शाट वगैरह को ध्यान में रखते हुए थोड़ा बहुत समझौता करना पड़ता है। कुछ गानों में 50 प्रतिशत समझौता करना पड़ता है, पर इस गीत में 10 प्रतिशत से भी कम समझौता करना पड़ा। यह डांस नंबर है तो आपका ध्यान डांस और एनर्जी पर रहता है। ...लेकिन उस गाने को फिल्म में लेने का निर्णय लेने में छह महीने लग गए।

# नन्हीं फैन को पसंद नहीं आई पठान शाहरुख खान ने दिया ये सजेशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान स्टारर फिल्म पठान का क्रेज उनके फैंस में बना हुआ है। फिल्म ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। ऐसे में एक फैन ऐसी भी है जिसे पठान पसंद नहीं आई है। दरअसल शाहरुख के फैन ने एक बच्ची का वीडियो ट्विटर पर शेयर किया। जिसमें जब उससे पठान के बारे में पूछा गया तो बच्ची ने फिल्म पसंद नहीं आने की बात कही। जिसपर बॉलीवुड किंग ने रिएक्ट किया। साथ ही शाहरुख नन्ही परी आहना को दूसरी फिल्म का सजेशन भी दिया। ट्विटर पर शेयर किए गए इस वीडियो में एक व्यक्ति बच्ची से सवाल करता है, 'आहना, कौनसी मूवी देखकर आई थीं इसपर बच्ची रिप्लाई करती है, 'पठान'। जिसके बाद उस व्यक्ति ने सवाल किया, 'तुम्हें पठान पसंद आई' बच्ची ने जवाब दिया, 'नाह'। जिसके बाद उस व्यक्ति ने सवाल किया 'पर क्यूं' इसके बाद वीडियो खत्म हो जाता है। इस वीडियो को शाहरुख खान को टैग कर शेयर किया। इस ट्विट को शेयर कर शाहरुख खान ने लिखा, 'ओह ओह अभी और मेहनत करनी है। ड्राइंग बोर्ड पर वापस आने के लिए। यंग ऑडियंस को निराश नहीं होने दे सकते। आखिर देश के युवाओं का सवाल है। प्लीज उस पर डीडीएलजे ट्राइ करेंष्ठ. शायद वो रोमांटिक है ष्ठ बच्चों को हम नहीं जानते हैं!' बता दें कि शाहरुख स्टारर डीडीएलजे (दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे) 1995 में रिलीज हुई थी। शाहरुख की फिल्म पठान ने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 25 जनवरी को रिलीज हुई फिल्म पठान ने अबतक 729 करोड़ रुपए की कमाई की है। इस फिल्म में शाहरुख के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी लीड रोल में हैं। शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो पठान की रिलीज के बाद एक्टर फिल्म जवान की शूटिंग में बिजी हो गए हैं। ये फिल्म 2 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म में शाहरुख के साथ साउथ एक्ट्रेस नयनतारा और विजय सेतुपति भी मुख्य भूमिका में होंगे। वहीं इसके अलावा शाहरुख स्टारर डंकी भी इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इस फिल्म में शाहरुख के साथ तापसी पन्नू लीड रोल में नजर आएंगी।




# शादी से पहले अभिषेक में नहीं था कॉन्फिडेंस, ऐश्वर्या राय के आने के बाद एक्टर में हुआ बदलाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आज अभिषेक बच्चन अपना 47वां जन्मदिन मना रहे हैं। ब्रीथ फेम अभिषेक ने अपनी अलग तरह की फिल्मों और वेब सीरीज से इंडस्ट्री में अपना नाम बनाया है। अभिषेक और ऐश्वर्या की जोड़ी भी इंडस्ट्री की सबसे प्यारी जोड़ीयों में से एक है। शादी के पहले इस कपल ने साथ में 'ढाई अक्छर प्रेम के', 'कुछ ना कहो' और गुरू जैसी फिल्मों में काम किया था। शादी के बाद भी ये जोड़ी 'सरकार राज' और 'गुरु' जैसी फिल्मों में नजर आई। अब अपनी शादी के 16 साल बाद अभिषेक ने ऐश्वर्या से शादी के बाद अपनी ज़िंदगी में हुए बदलाव पर बात की। वॉग इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक ने कहा था कि ऐश्वर्या के आने के बाद वो रिस्पांसिबल हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'उसने मुझे वो कॉन्फिडेंस दिया है जो मुझमें पहले कभी नहीं था। मुझे लगता है कि ज्यादातर पुरुष इससे सहमत होंगे। मैं परिवार का बच्चा हूं, मेरी बहन की शादी सालों पहले हुई थी और वो मेरे लिए बहुत प्रोटेक्टिव है। मुझे रियल में किसी भी चीज के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया गया था। लेकिन, शादी करने के बाद ये अपने आप हो गया। मुझे एहसास हुआ कि मैं इस व्यक्ति के लिए जिम्मेदार होना चाहता हूं, मैं उसे प्रोटेक्ट करना चाहता था और उसकी केयर करना चाहता था।' अभिषेक ने ये भी बताया कि ऐश्वर्या से उनकी शादी कोई समझोता नहीं थी। बल्कि उनसे शादी करना उनके लिए खुशी की बात थी। ऐश्वर्या ने अभिषेक को बताया था 'वेल मैनर्ड बॉय' 5 फरवरी को 47 साल के हो चुके अभिषेक बच्चन को एक इंटरव्यू के दौरान ऐश्वर्या राय ने वेल मैनर्ड बॉय यानी एक सभ्य लड़का बताया था। गुरु फिल्म की शूटिंग के दौरान अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या राय को प्रपोज किया था। जिसके बाद 20 अप्रैल 2007 को ये जोड़ा शादी के बंधन में बंधा था। अब दोनों 11 साल की बेटी आराध्या बच्चन के साथ लाइफ स्पेंड कर रहे हैं।अभिषेक बच्चन के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्टर फिलहाल प्राइम वीडियो वेब सीरीज 'ब्रिथः इन टू द शेडोज' के दूसरे पार्ट की शूटिंग में बिजी हैं। इसके साथ एक्टर कॉमेडी फिल्म दसवीं में यामी गौतम और निमृत कौर के साथ नजर आएंगे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।